जैन स्वाध्याय सुभाषित माला

द्वितीय भाग

●

संकलनकर्ता

आचार्य श्रीहस्तीमलजी महाराज

●

सम्पादक

श्री शशिकान्तझा "शास्त्री"

प्रकाशक

सम्यग् ज्ञान प्रचारक मण्डल

जयपुर

वीर स० २४९८
विक्रम स० २०२८
ईस्वी १९७१

प्रथम सस्करण
१०००

मूल्य दो रुपये
२) रु०

मुद्रक—
शुभदा प्रिन्टर्स
जोधपुर (राज०)

प्रकाशकीय

"जैन स्वाध्याय सुभाषित माला" का द्वितीय भाग, पाठको की सेवा मे उपस्थित करते हुए परम प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

सुभाषित का मानव-मन पर गहरा, अथच आकर्षक प्रभाव पडता है। इसके अध्ययन से जीवन मे जागृति और उत्साह का सचार होता है। अत सुभाषित सग्रह जन-मन के लिए कितना आवश्यक और उपयोगी है, इस पर कुछ अधिक प्रकाश डालने की आवश्यकता नही है।

आचार्य श्रीहस्तीमलजी महाराज जैन जगत् से अपरिचित नही है। आपके द्वारा प्रवचन मे प्रयुक्त सुभाषित वचनो का यह सकलन कितना रोचक एव उपयुक्त है, इसका अनुभव पाठक स्वय करेगे। इसमे प्राकृत, सस्कृत, हिन्दी और उर्दू के मर्म-स्पर्शी सुभाषितो का सक्षिप्त सग्रह है।

जोधपुर (कन्या पाठशाला) मे आचार्यश्री के हुए इस चतुर्मास की स्मृति को सजीव बनाए रखने के लिए मडल ने शीघ्रता मे जोधपुर मे ही इसका प्रकाशन करवाया। अत सभव है कि प्रमादवश या यान्त्रिकदोषवश प्रकाशन मे कुछ दोष रह गए हो। सहृदय पाठक इसकी जानकारी करायेंगे तो आगे उसका सुधार हो जाएगा।

इसके प्रकाशन–व्यय मे श्रीमान्‌उमरावमलजी साहव मेहता जालोरी 'जोधपुर' की धर्मपत्नी श्रीमती रतनकवर वाई ने मण्डल को पाचसो ५००) रुपये की सहायता प्रदान कर हमारे प्रकाशन–उत्साह को आगे वढाया है । इसके लिए आप धन्यवाद के पात्र है।

आशा है, पाठक इस पुस्तक के स्वाध्याय से जीवन को समुन्नत कर, इस सग्रह प्रयास को सफल बनायेगे।

निवेदक

इन्द्रनाथ मोदी
(जोधपुर) अध्यक्ष

नथमल हीरावत
(जयपुर) मन्त्री

सम्यग् ज्ञानप्रचारक मडल

म्पादकीय

मानव ससार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है। सभ्यता सस्कृति, आचार-विचार, भेष-भूषा, धर्म-नीति आदि जिस किसी भी दृष्टि से देखने पर यह सहज समझा जा सकता है कि जगत् का कोई भी जीव मानवीय-महत्ता को पाने मे समर्थ नही है। मानव अपने अनुपम उत्साह, सूझ बूझ और प्रखर-ज्ञान-साधन के बल पर, न केवल अमर-सम्मानित-सुखोपभोग को ही प्राप्त करता, वरन् जन्म-मरण की जड काट कर शिवपुर का वासी भी बन जाता है।

मानव-जीवन की उन श्लाघनीय-विशेषताओ के, जिनसे कि वह लक्ष्य के शिखर तक पहुचने मे समर्थ होता, प्रसार और प्रचार मे, भाषा का प्रमुख हाथ रहा है। वस्तुत यदि जन-जीवन मे भाषा का माध्यम नही होता तो हमारी सभ्यता और सस्कृति का यह आधुनिक समुज्ज्वल-विकसित रूप, आखो से ओझल ही रहता। दया, दाक्षिण्य तथा करुणा विहीन मानव समाज को करुणा-कातर और दया-द्रवित बनाने मे भाषा की उपादेयता अभिनन्दनीय एव सराहनीय है।

यो तो हम अपने मनोभावो को, सीधी-सादी बोलचाल की भाषा मे प्रयोग कर भी लोकव्यवहार चलाते है, किन्तु श्रोताओ के मन पर जो चमत्कार सुभाषितो का होता, वह जैसी

तैसी कही जाने वाली भाषा का नही। भाषा प्रयोग का प्रयोजन ही पर मन को आकृष्ट करना माना गया है, और इस रूप मे सुभाषित का स्थान सर्वोच्च और महान् है। यह प्रख्यात धनुर्धर के तीर की तरह लक्ष्य पर चोट किए विना नही रहता। अत समय समय पर दूसरो के मन को मुग्ध और लुब्ध बनाने के लिए, ससार की प्रत्येक भाषा मे, सुधीजनो ने हित, मित, सुललित, सुभाषित का प्रयोग प्रचलित कर, भाषा भण्डार भरने का स्तुत्य प्रयास किया है।

सुभाषित वचनो मे जादू जैसा अलौकिक चमत्कार देखा जाता है। जीवन के विविध प्रसगो पर ये नपे तुले मजुल शब्द थोडे मे महान् भावो को प्रगट करते हैं। जिनसे कि लोग प्रभावित हुए विना नही रहते।

सुभाषित रत्न का भण्डार इतना समृद्ध और समुन्नत है कि जिसका कुछ वर्णन नही। जीवन का सभव ही कोई कोना ऐसा वचा हो, जिसपर सुभाषित रचयिताओ की पैनी दृष्टि न गई हो। वे जीवन को सजीव और सप्राण वनाए रखने के लिए, जीवन-यात्रा की प्रत्येक स्थिति पर सुभाषित का प्रयोग किये है। जिनसे कि कायर मे पौरुष, अधीर मे धैर्य, व्यथित मे उल्लास, दु खी मे सुख, चिन्तित मे शान्ति एव रुग्ण मे शोभन स्वास्थ्य का सहज दर्शन हो सके। उन्होने सुभाषित के द्वारा हत, प्राण व्यक्तियो मे नव-जीवन फू कने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

विकट-घडियो मे सुभाषित, रामबाण की तरह अमोघ सिद्ध होता है। यदि मनुष्य इन वचनो पर जीवन को ढाले तो निश्चय इनमे जीवन की सारी उलझी गुत्थियां क्षण पल मे सुलझ सकती है। सुभाषित की कोमल कान्त पदावली न केवल श्रुति

मधुर, रुचिर और द्राक्षा की तरह मृदु ही होती, वरन् जीवन को जाग्रत और उजागर भी बनाती है।

जैनाचार्य पूज्य श्री १००८ श्री हस्तीमलजी महाराज साहब स्वाध्याय के परम प्रचारक एव प्रसारक एक विचक्षण सन्त है। आप समाज मे स्वाध्याय का विकसित रूप देखने के लिए सतत प्रयत्न शील बने रहते है।

आपने समाज को स्वाध्याय शील बनाने वाले, स्वाध्यायी बन्धुओ की ज्ञान-पिपासा की शान्ति के लिए, अनेक-विध ज्ञान-वर्द्धक सामग्रियो मे, सुभाषित को भी एक आवश्यक अग माना और इसके लिए प्राकृत, सस्कृत, हिन्दी, एव उर्दू के कतिपय चुने सुभाषितो का एक सकलन कराया, जो कि इस रूप मे, आप सबके सामने है। इसके पूर्व भी आप द्वारा सकलित "जैन स्वाध्याय सुभाषित माला" के नाम से एक पुस्तक प्रकाशित होकर पाठको के बीच समादृत रही है।

इसके स्वाध्याय से, हम सब को, जीवन-यात्रा मे पद पद पर, सफलता की प्राप्ति सभव और सुलभ है। अगर इन अनमोल वचनो के आधार पर हमारा आचार-विचार बना रहा तो निश्चय जीवन मे एक जीती जागती निखार आए विना नही रहेगी।

प्रस्तुत पुस्तक मे सुभाषितो का दिग्दर्शन मात्र किया गया है। श्रद्धेय आचार्यश्री अपने दैनिक प्रवचन मे, बहुधा इनका प्रयोग करते रहते है। स्वाध्यायी बन्धु जब कभी जीवन मे मन को अकुलाने वाली बाधाओ का अनुभव करेंगे, विपरीत परिस्थितियो मे अपने को विचलित पाए गे तो विक्षोभ की उस घडी मे, इन सुभाषितो का सस्मरण, उनके मानस मे,

साहस और शक्ति का सचार करने मे सहायक होगा। वे इसके सहारे,समस्त उलझनो और कठिनाइयो का सरलता से सामना कर लेगे, ऐसा मेरा विश्वास है।

हमने आचार्यश्री के सकेतानुकूल, इन सुभाषितो का आलेखन एव सम्पादन किया है। सभव है, कि हम अपने इस दायित्व-निर्वाह मे स्खलित और च्युत हो गए हो, तो सहृदय पाठक, इसे मानव-सुलभ दोष जान कर क्षमा करेगे।

अन्त मे, मैं जोधपुर के धर्मप्रेमी तरुण श्रीमाणकमलजी भडारी एव "शुभदा प्रिन्टर्स" के अनुभवी,कर्मठ, प्रबन्धक श्री जगदीशजी ललवाणी को साधुवाद दिए बिना नही रह सकता जिनकी पूर्णमुस्तैदी और सत्प्रयास से समय पर यह काम सम्पन्न हो पाया।

घोडो का चौक
(जोधपुर)
दिनाक ३०–१०–१९७१

विनयावनत
शशिकान्त "झा"

विषय-सूची

१

मंगलाचरणम्

प्राकृत

जिणे पासे त्ति नामेण अरहा लोग-पूइए।
सबुद्धप्पाय सव्वन्नू धम्मतित्थयरे जिणे। १

अर्थ—जितेन्द्र पार्श्वनाथ नाम के अर्हन् लोकपूजित हैं। वे स्वय-बोधप्राप्त, सर्वज्ञ, धर्म तीर्थंकर और रागद्वेष के विजेता जिनेश्वर है।

जयइ सुयाण पभवो तित्थयराण अपच्छिमो जयइ।
जयइ गुरू लोगाण, जयइ महप्पा महावीरो। २

अर्थ—द्वादशागी श्रुत के प्रभव - उत्पत्तिस्थान, अन्तिम तीर्थंकर जयवान् हो। लोक गुरु महात्मा महावीर की जय हो।

सस्कृत

वीर पार्श्व नमि सुपार्श्वसुविधि श्रेयासमल्लि शशि।
नेमिर्नाभिज-वासुपूज्य-विमला पद्मप्रभ' शीतल'।

कुन्थु शान्त्यभिनन्दनारक - मुनिर्धर्मोऽजित सभवोऽ-
नन्त श्री सुमतिश्च तीर्थपतय कुर्वन्तु नो मङ्गलम् ॥ ३

अर्थ—भगवान महावीर, श्री पार्श्वनाथ, नमिनाथ, सुपार्श्वनाथ, सुविधिनाथ, श्रेयाभनाथ, मल्लिनाथ, चन्द्रप्रभ, नेमिनाथ, ऋषभदेव, वासुपूज्य, विमलनाथ, पद्मप्रभ, शीतलनाथ, कुन्थुनाथ, शान्तिनाथ, अभिनन्दन, अरक-अरनाथ, मुनिसुव्रत धमनाथ, अजितनाथ, सभवनाथ, अनन्तनाथ, सुमतिनाथ, ये तीथपनि-तीर्थंकर हम सबका मगल करें ।

नाभेयाऽजित सभवाश्च्युतभवा श्रीसवरस्यात्मज-
स्तीर्थेश सुमति कुशेशयरुचि षष्ठ सुपार्श्वस्तथा ।
श्रीचन्द्रप्रभतीर्थकृच्च सुविधि श्री शीतल सौख्यद ।
श्रेयाम-प्रभु वासुपूज्य विमला कुर्वन्तु नो मङ्गलम् ॥ ४

अथ—ऋषभ, अजित, भवरहित श्री सभव, सुमतिनाथ और छट्ठे पद्मप्रभ सुपार्श्व, श्रीचन्द्रप्रभ, तीर्थंकर सुविधि, सुखदायी शीतलनाथ, श्रेयासप्रभु, वासुपूज्य, विमल ये तीर्थंकर हम सबका मगल करे ।

इन्द्राग्न्याऽऽगुग-भूतय समकुला व्यक्त सुधर्मा तथा ।
पष्ठो मण्डित पुत्रको गणधरो मौर्यात्मज सप्तम ॥
श्रेयो दृष्टिरकम्पितो गुणमणि, र्धीरोऽचलभ्रातृक ।
नैतार्यो दशम प्रभासगणभृत्कुर्वन्तु नो मङ्गलम् ॥ ५

[illegible]—[illegible]भूति, अग्निभूति, वायुभूति, व्यक्त, सुधर्मा, मण्डितपुत्र [illegible] मौर्यात्मज श्रेष्ठदृष्टि — धीअकम्पित गुणमणि-धीर

अचल भ्रातृक, मेतार्य और प्रभास ये ११ गणधर हम सब का मगल करें।

नाभेयादि-जिना प्रशस्त-वदना ख्याताश्चतुर्विंशति ।
श्रीमन्तो भरतेश्वर-प्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश ॥
ये विष्णु-प्रति विष्णु-लाङ्गलधरा सप्ताधिका विंशति ।
सर्व तेऽभयदास्त्रिपष्ठि-पुरुषा कुर्वन्तु नो मङ्गलम् ॥ ६

अर्थ—ऋषभादि प्रशस्तवदन वाले चौबीस तीर्थंकर, श्रीमान् भरत आदि बारह चक्रवर्ती, विष्णु, प्रतिविष्णु और हलधर अर्थात् ९ वासुदेव, ९ प्रतिवासुदेव और ९ बलदेव यो सत्ताईस उत्तम पुरुष इस प्रकार अभय देनेवाले ये कुल तिरसठ शलाका पुरुष हमारा मगल करे।

पार्श्वो दुःख-विदारकस्त्रिभुवने पार्श्व रटन्ते सुरा ।
पार्श्वेणाभिहत कषाय-कटक पार्श्वाय तस्मै नम ।
पार्श्वात् प्राप्तसुख भुजङ्गयुगल पार्श्वस्य धर्य महत्,
पार्श्वे ध्यानरतो लभेच्छिव-पद हे पार्श्व ! वै पाहि न ॥ ७

अर्थ—भगवान पार्श्व तीनो लोक मे दुःख को दलन करने वाले है, देवता लोग पार्श्व की रटना करते है। पार्श्वनाथ ने कषाय की सेना को नष्ट किया, उस पार्श्व को नमस्कार है। पार्श्वनाथ से भुजग के जोडे ने सुख को प्राप्त किया, पार्श्वनाथ का धैर्य बडा है, पार्श्वनाथ मे ध्यान धारण करने वाला शिव पद को प्राप्त करता है। अत हे पार्श्व ? हम सब की आप रक्षा करें।

हिन्दी

अरिहन्त मगल सिद्ध प्रभु मगल,
साधु जीवन मगल जिनधर्म मंगल।
अरिहन्त उत्तम सिद्ध प्रभु उत्तम,
साधु जीवन उत्तम जिनधर्म उत्तम।
अरिहन्त शरण, सिद्ध प्रभु शरण,
साधु जीवन शरण, जिनधर्म शरण।
चार शरण दुःख हरण जगत मे,
और शरण नहीं कोई होगा।
जो भवि प्राणी करे आराधन,
उसका अजर अमर पद होगा।

हीर - हिमालय - हस कुन्द शरदभ्र निशाकर।
कीर्ति कान्ति विस्तार, सार गुणगण रत्नाकर।
दुःकृति- सतति धाम - काम - विद्वेषि - विदारण।
मान मतगज सिंह मोहतरु - दलन सुवारण।
श्री शांतिदेव जय जित मदन, वानारसिवन्दत चरण।
भव तापहारि हिमकर वदन, शान्तिदेव जयजितकरण।

जिसने राग-द्वेष कामादिक, जीते सब जग जान लिया।
सब जीवो को मोक्ष मार्ग का, निस्पृह हो उपदेश दिया।
बुद्ध, वीर, जिन हरिहर ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो।
भक्तिभाव से प्रेरित हो, यह चित्त उसी मे लीन रहो।

२

तीर्थ–स्नान

प्राकृत

ज नाण-दसण–चरित्त भावश्रो, तव्विवक्ख भावाश्रो ।
भव-भावश्रो य तारेइ, तेण त भावश्रो तित्थ ।। १

अर्थ—ज्ञान-दर्शन-चारित्र के द्वारा जो चतुर्विध सघ, अज्ञान-कुदर्शन और मिथ्याचार तथा ससार से पार करे उसे भाव तीर्थ कहते हैं ।

धम्मे हरए बभे सतितित्थे, अणाविले अत्त पसन्न लेसे ।
जहि सिणाश्रो विमलो विसुद्धो, महारिसी उत्तम ठाण पत्ते ।। २

अर्थ—मलिनता रहित और आत्मा की प्रसन्न-स्वच्छ लेश्यावाला धर्म ही मेरा जलाशय है, ब्रह्मचर्य शान्ति तीर्थ है, इसमें नहाकर मैं विमल, विशुद्ध और अच्छी तरह शीतल होकर कर्म-रज को दूर करता हू ।

सस्कृत

चित्तमतर्गत दुष्ट, तीर्थ स्नाने न शुद्ध्यति ।
शतशोपि जलैर्धौत, सुरा-भाड इवाऽशुचि ।। ३

हिन्दी

अरिहन्त मगल सिद्ध प्रभु मगल,
साधु जीवन मगल जिनधर्म मगल ।
अरिहन्त उत्तम सिद्ध प्रभु उत्तम,
साधु जीवन उत्तम जिनधर्म उत्तम ।
अरिहन्त शरण, सिद्ध प्रभु शरण,
साधु जीवन शरण, जिनधर्म शरण ।
च्यार शरण दुःख हरण जगत मे,
और शरण नहीं कोई होगा ।
जो भवि प्राणी करे आराधन,
उसका अजर अमर पद होगा ।

◎○

होर - हिमालय - हस कुन्द शरदभ्र निशाकर ।
कीर्ति कान्ति विस्तार, सार गुणगण रत्नाकर ।
दुष्कृति- सतति धाम - काम - विद्वेषि - विदारण ।
मान मतगज सिंह मोहतरु - दलन सुवारण ।
श्री शांतिदेव जय जित भवन, वानारसिवन्दत चरण ।
भव तापहारि हिमकर वदन, शान्तिदेव जयजितकरण ।

◎○

जिसने राग-द्वेष कामादिक, जीते सब जग जान लिया ।
सब जीवो को मोक्ष मार्ग का, निस्पृह हो उपदेश दिया ।
बुद्ध, वीर, जिन हरिहर ब्रह्मा, या उसको स्वाधीन कहो ।
भक्तिभाव से प्रेरित हो, यह चित्त उसी मे लीन रहो ।

———

२

तीर्थ-स्नान

प्राकृत

ज नाण-दसण-चरित्त भावश्रो, तव्विवक्ख भावाश्रो ।
भव-भावश्रो य तारेइ, तेण त भावश्रो तित्थ ॥ १

अर्थ—ज्ञान-दर्शन-चारित्र के द्वारा जो चतुर्विध सघ, अज्ञान-कुदर्शन और मिथ्याचार तथा ससार से पार करे उसे भाव तीर्थ कहते हैं ।

धम्मे हरए बभे सतितित्थे, अणाविले अत्त पसन्न लेसे ।
जहिं सिणाश्रो विमलो विसुद्धो, महारिसी उत्तम ठाण पत्ते ॥ २

अर्थ—मलिनता रहित और आत्मा की प्रसन्न-स्वच्छ लेश्यावाला धर्म ही मेरा जलाशय है, ब्रह्मचर्य शान्ति तीर्थ है, इसमें नहाकर मैं विमल, विशुद्ध और अच्छी तरह शीतल होकर कर्म-रज को दूर करता हू ।

सस्कृत

चित्तमतर्गत दुष्ट, तीर्थ स्नाने न शुद्ध्यति ।
शतधापि जलैर्धौत, सुरा-भाड इवाऽशुचि ॥ ३

अर्थ—चित्त का आतरिक विकार तीर्थ स्नान मे शुद्ध नही होता। सौ वार भी जल से धोया गया मद्य का घडा अशुद्ध ही रहता है।

आत्मा नदी सयम तोयपूर्णा, सत्यावहा शीलतटा दयोर्मि ।
तत्राभिषेक कुरु पाडुपुत्र ! न वारिणा शुद्ध्यति चान्तरात्मा ॥ ४

अर्थ—सयम जल से भरी हुई आत्मा नदी है, उसमे सत्य का प्रवाह शील के दोनो किनारे और दया भाव उसकी ऊर्मिया है। हे पाडु पुत्र ! उसमे अभिषेक कर ! क्योकि अन्तरात्मा जल से शुद्ध नही होती।

अकल्कको निरारभो, लघ्वाहारो जितेन्द्रिय ।
विमुक्त सर्व-पापेभ्य स तीर्थ-फलमश्नुते ॥ ५

अर्थ—जो छल रहित, निरारभी, मिताहारी, जितेन्द्रिय एव सर्वथा पापमुक्त हैं, वह तीर्थ फल को प्राप्त करता है।

अक्रोधनश्च राजेन्द्र ! सत्य शीलो दृढव्रत ।
आत्मोपमश्च भूतेषु, स तीर्थ-फलमश्नुते ॥ ६

अर्थ—हे राजेन्द्र ! जो अक्रोधी, सत्यशील और दृढव्रती है, सव जीवो पर आत्मोपम दृष्टि से देखता है—वह तीर्थ फल को प्राप्त करता है।

राग द्वेष-मदोन्मत्ता, स्त्रीणा ये वशवर्तिन ।
न ते कालेन शुद्ध्यन्ति, स्नानात्तीर्थ-शतैरपि ॥ ७

अर्थ—जो जीव राग-द्वेष और मद मे उन्मत्त है, जो काम भोग के वशवर्ती है, वे सौ वार तीर्थ स्नान करके भी शुद्ध नही होते।

आप स्नान व्रतस्नान, मन्त्रस्नान तथैव च ।
आप स्नान गृहस्थस्य, व्रत-मन्त्रैस्तपस्विन ॥ ८

अर्थ—जल स्नान, व्रत स्नान, तथा मत्र स्नान, ऐसे तीन प्रकार के स्नान है। गृहस्थ के लिये जल स्नान और तपस्वी के लिये व्रत एव मत्र स्नान होता है।

हिन्दी

गगा नहाए हर्ष से पर, मन तो मैला ही रहा।
मन मैल गर धोया नहीं, गगा नहाए क्या हुआ ॥

हरी बेल की कडवी तुम्बडी, सब तीरथ कर आई।
घाट घाट को पानी भरियो, तबहू न गई कडवाई ॥

सत्य दया के तीर्थ मे, कर मनवा तू स्नान।
निर्मल चित हो जाएगा, बढे जगत मे मान ॥

मद वह बत्र है भँवर से जो उभर सकता नही।
हक ही जीने का नही, उसको जो मर सकता नही ॥

जहा दिल है वहा वो है, जहाँ वो है वहाँ सब कुछ।
मगर पहले भुकाये दिल, समझने की जरुरत है ॥

३

आत्मवाद

प्राकृत

जे आया से विन्नाया, जे विन्नाया से आया।
जेण वियाणइ से आया, त पडुच्च पडिसखाए ।। १ (आचा०)

अर्थ—जो आत्मा है वह विज्ञाता है और जो विज्ञाता है, वह आत्मा है, जिससे जाना जाता है वह आत्मा है। जानने की सामर्थ्य के द्वारा ही आत्मा की प्रतीति है।

यदि ण य हवेदि जीओ, तो को वेदेदि सुक्ख दुक्खाणि।
इ दिय-विसया सव्वे, को वा जाणदि विसेसेण ।। २

अर्थ—अगर जीव न होता तो सुख दु ख का अनुभव कौन करता और सारे इन्द्रिय के विपयो को विशेप रूप से कौन जान पाता ?

नाण च दसण चेव, चरित्त' च तवोतहा।
वीरिय उवओगोय, एय जीवस्स लक्खण ।। ३ (उ० २७/११)

अर्थ—ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप, वीर्य (शक्ति) तथा उपयोग ये जीव के लक्षण है।

अप्पा नई वेयरणी, अप्पा मे कूडसामली ।
अप्पा काम दुहा धेणू, अप्पा मे नदण वण ।। ४ उ० २०

अर्थ—मेरी आत्मा ही वैतरणी नदी है और आत्मा ही कूट शाल्मली वृक्ष है । आत्मा ही कामधेनु तथा आत्मा ही नन्दन वन है ।

अप्पाकत्ता विकत्ता य, दुहाण य सुहाण य ।
अप्पामित्तममित्त च, दुप्पट्ठिय-सुपट्ठिओ ।। ५ उ० २०

अर्थ—आत्मा ही सुख दु ख को करने वाली और वही सुख दु ख का छेदन करने वाली है। सत्प्रवृत्ति मे लगी हुई आत्मा ही मित्र और कुमार्गगामी आत्मा ही शत्रु है।

अप्पा अरी होइ अणवट्ठियस्स, अप्पा जसो सीलमओनरस्स ।
अप्पा दुरप्पा अणवट्ठियस्स, अप्पा जियप्पा सरण गइअ । ६

अर्थ—अव्यवस्थित आत्मा शत्रु तुल्य है और शीलवान् नर की आत्मा यशरूप है । अव्यवस्थित आत्मा दुरात्मा है और जयी आत्मा शरण एव गति है ।

अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पाहि खलु दुद्दमो ।
अप्पा दतो सुही होइ, अस्सि लोए परत्थ य । ७ उत्त० १

अर्थ—आत्मा का ही दमन करना चाहिए । वस्तुत यह अत्यन्त दुर्दम्य है। आत्म दमन करने वाला इस लोक तथा परलोक मे सुखी रहता है ।

अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण बज्झओ ।
अप्पाणमेव अप्पाण, जइत्ता सुहमेहए । ८ उत्त० ९/३५

अर्थ—अपनी आत्मा से ही युद्ध करो। बाहरी शत्रुओ के साथ युद्ध से क्या लाभ ? आत्मा को आत्मा से जीतने वाला ही वस्तुत पूर्ण सुखी होता है।

जो सहस्स सहस्साण, सगामे दुज्जए जिरो।
एग जिरोज्ज अप्पाण, एस से परमो जओ ॥ उ० ९/३५

अर्थ—जो भयकर युद्ध मे दश लाख योद्धाओ को जीतता है, वह यदि मात्र अपनी आत्मा को जीतले तो यह उसकी बडी जीत है।

पचिन्दियाणि कोह, माण मायं तहेव लोह च।
दुज्जयचेव अप्पाण, सव्वमप्पे जिए जय ॥ १० उ० ९/३६

अर्थ—पाच इ द्रिया, क्रोध, मान, माया, लोभ तथा सबसे अधिक दुर्जय अपने आत्मा-मन को जीतना चाहिए। एक आत्म-जय से ही सब कुछ जीत लिया जाता है।

पुरिसा ! अत्ताणमेव अभि-नि-गिज्भ।
एव दुक्खा पमोक्खसि ॥ ११ आचा १/३/३

अर्थ—साधक ! तुम पहले अपनी आत्मा का ही निगह करो। ऐसा करके समस्त दु खो से छुटकारा पा सकते हो।

एगो मे सासओ अप्पा, नाण-दसण-सजुओ।
सेसा मे वाहिरा भावा, सव्वे सजोग-लक्खरा ॥ १२ ॥

अर्थ—ज्ञान, दर्शन और चारित्र से परिपूर्ण मेरी आत्मा ही शाश्वत है, सत्य सनातन है। आत्मा के सिवा अन्य सब पदार्थ सयोग-मात्र से मिले है।

सरीरमाहु नावत्ति, जीवो वुच्चइ नाविश्रो ।
ससारो श्रण्णवो वुत्तो, ज तरन्ति महेसिणो ॥ १३ उ० ॥

श्रर्थ—शरीर को नाव कहा है, आत्मा नाविक कहलाता है, ससार को समुद्र बतलाया है। इस ससार समुद्र को महर्षि जन पार करते है।

न त श्ररी कठ छेत्ता करेइ ।
ज से करे श्रप्पणिया दुरप्पा ॥ १४ उ० ॥

श्रथ—सिर काटने वाला शत्रु भी उतना श्रपकार नही करता, जितना कि दुराचरण मे श्रासक्त श्रात्मा करती है।

सस्कृत

तिलेषु तैल दधिनीवसर्पि-राप स्रोतस्स्वरणीषुचाग्नि ।
एवमात्माऽऽत्मनि गृह्यतेऽसौ, सत्येनैन तपसायोऽनुपश्यति ॥ १

श्रर्थ—जैसे तिलो मे तेल, दही मे घृत, झरनो मे जल श्रौर श्ररणि मे श्रग्नि है, वैसे इस देह मे यह श्रात्मा है। सत्य श्रौर तपस्या से ही उसका साक्षात्कार सभव है।

घटावभासको भानुर्घट-नाशे न नश्यति ।
देहावभासक साक्षी, देह-नाशे न नश्यति॥ २ ॥

श्रथ—जैसे घडे का प्रकाशक सूर्य घट के नाश होने पर नष्ट नही होता। वैसे ही इस देह मे यह श्रात्मा साक्षी रूप है, देह के नाश से श्रात्मा का नाश नही होता।

य कर्ता कर्म भेदाना, भोक्ता कर्मफलस्य च ।
ससर्ता परिनिर्वाता, सह्यात्मा नान्यलक्षण ॥ ३ ॥

अर्थ—जो शुभाशुभ कर्म का कर्ता और कर्म फल का भोक्ता है। कर्म के कारण ससार मे परिभ्रमण करता और कर्म क्षय कर निर्वाण प्राप्त करता, वही आत्मा है।

अमूर्तश्चेतनो भोगी, नित्य सर्वगतोऽक्रिय ।
अकर्ता निर्गुण सूक्ष्म, आत्मा कापिल-दर्शने ॥ ४ ॥

अर्थ—कापिल दर्शन मे आत्मा का स्वरूप अमूर्त, चेतन भोक्ता, नित्य, सर्वगत, अक्रिय, अकर्ता, निर्गुण और सूक्ष्म माना गया है।

- अच्छेद्योऽयमदाह्योय-मक्लेद्योऽशोष्य एवच ।
नित्य- सर्वगत स्थाणुरचलोऽय सनातन ॥
अव्यक्तोऽयमचिन्त्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते ॥ ५ ॥ गीता

अर्थ—यह आत्मा शस्त्र से छिन्न नही होती, आग से नही जलती और न पानी से भीगती तथा न पवन से ही सूख पाती है। यह नित्य है, सभी जगह जाने वाली, खूट की तरह स्थिर एव सनातन है। यह अव्यक्त तथा चिन्तन से परे है। यही अविकारी भी कहाती है।

उद्धरेदात्मनात्मान, नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धु-रात्मैव रिपुरात्मन ॥ ६ ॥

अर्थ—आत्मा से आत्मा को उठाओ, उसे गिरने नही दो। आत्मा ही आत्मा का बन्धु एव आत्मा ही आत्मा का शत्रु भी है।

स्वय कर्म करोत्यात्मा, स्वय तत्फलमश्नुते ।
स्वय भ्रमति ससारे, स्वय तस्माद् विमुच्यते ॥ ७ ॥

अर्थ—जीव स्वय कर्म करता और स्वय ही उसका फल भी भोगता है यह स्वय ससार मे भ्रमण करता और आप ही उससे मुक्त भी होता है ।

सत्येन लभ्यस्तपसा, ह्येष आत्मा, सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्
अन्त शरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो य पश्यन्ति यतय क्षीणदोषा ॥ ८
(मुण्डकोपनिषद)

अर्थ—अन्त करण मे विराजमान ज्योतिर्मय यह शुभ्र आत्मा निश्चय ही सत्य भाषण, तप, ब्रह्मचर्य और यथार्थ ज्ञान से सदा प्राप्त होता है । और सकल-दोष रहित साधक ही उसे देख पाते हैं ।

हिन्दी

तेरा साईं तुझ मे, ज्यों पुहपन मे वास ।
कस्तूरी का मिरग ज्यों, फिर फिर ढूढे घास ॥

पावस रूपी साइया सब घट रहा समाय ।
चित चकमक लागे नहीं, ताते बुझि बुझि जाय ॥ 'कबीर'

सब घट माहि रमि रहा, बिरला बूझई कोइ ।
सोई बूझत राम को, राम सनेही होइ ।

कोई दौड़े द्वारिका, कोई काशी जाहिं ।
कोई मथुरा को चले, साहिब घट ही माहि । "दादू"

सिद्धा जैसो जीव है, जीव सोही सिद्ध होय ।
कर्म मेल का अन्तरा, बूझे विरला कोय ।

४

श्रद्धा

प्राकृत

धम्मसद्धाए ण भन्ते ! जीवे कि जणयइ ?
धम्मसद्धाए ण सायासोक्खेसु रज्जमाणे विरज्जइ ।
अगारधम्म च ण चयइ अणगारे ण जीवे सारीरमाणसाण
दुक्खाण छेयणभेयण-सजोगाईण वोच्छेय करेइ अव्वाबाह
च सुह निव्वत्तेइ ।। १ उ० २९/३

अर्थ—हे भगवन् ! धर्म श्रद्धा से जीव क्या फल प्राप्त करता है ? धर्मश्रद्धा से वैषयिक सुखो मे रति करने वाला विरक्त हो जाता है । गृहस्थ-जीवन की सुख-सुविधा को छोडता और अनगार-मुनि होकर छेदन-भेदन, सयोग-वियोग आदि शारीरिक और मानसिक दुखो का अन्त कर लेता तथा निराबाध सुख को प्राप्त करता है ।

आहच्च सवण लद्धु, सद्धा परम दुल्लहा,
सोच्चा नेआउय, मग्ग बहवे परिभस्सइ । २ उ० ३/९

अर्थ—शास्त्र श्रवण का लाभ प्राप्त होने पर भी उसमे श्रद्धा होना परम दुर्लभ है। कारण, बहुत से लोग मोक्ष मार्ग को सुनकर भी उससे भ्रष्ट हो जाते हैं।

संस्कृत

श्रद्धावाल्लभते ज्ञान, तत्पर सयतेन्द्रिय ।
ज्ञान लब्ध्वा परा शाति, मचिरेणाधिगच्छति ॥ २ गीता ४/३६

अर्थ—स्वरूप प्राप्ति के लिये तत्पर जितेन्द्रिय श्रद्धालु ज्ञान को प्राप्त करते हैं और ज्ञान लाभकर शीघ्र ही परम शान्ति को पालेते हैं।

सम्यक्त्व सहिता एव, शुद्धादानादिका क्रिया ।
तासा मोक्ष फल प्रोक्त, यदस्य सहचारिता ॥ ४

अर्थ—श्रद्धापूर्वक की गई दानादिक क्रियाए ही शुद्ध मानी जाती है। उन क्रियाओ का फल मोक्ष है, जो कि इसके सहचारी भाव हैं।

पिधान दुर्गति द्वारे, निधान सर्वसम्पद ।
विधान मोक्ष-सौख्याना, पुण्यै सम्यक्त्वमाप्नुयात् ॥ ५

अर्थ—दुर्गति के दरवाजे को बन्द करने वाला, समस्त सम्पत्तियो का खजाना, मोक्ष और सुख का विधायक यह सम्यक्त्व-श्रद्धा पुण्य से ही प्राप्त होता है।

नरत्वेपि पशूयन्ते, मिथ्यात्व-ग्रस्त चेतस ।
पशुत्वेऽपि नरायन्ते, सम्यक्त्व-व्यक्त-चेतना ॥ ६

अर्थ—मानव होकर भी कोई अगर मिथ्यात्वग्रस्त मन वाला हो तो वह पशुवत् आचरण करता है और पशुता मे भी श्रद्धाशील हृदय होकर नर की तरह सम्यग् व्यवहारशील बन जाता है।

विनैकक शून्य गणा वृथा-यथा, विनार्क-तेजो नयनेवृथा यथा ।
विना सुवृष्टि च कृषिर्वृथा यथा, विना सुदृष्टि विपुल तपस्तथा ।।७

अर्थ—जैसे एकादि सख्या के विना शून्य का समूह व्यर्थ है और सूर्य के तेज के विना दोनो आँखें व्यर्थ हैं तथा अच्छी वर्षा के विना कृषि व्यर्थ है, वैसे ही विना श्रद्धा के विशाल तप व्यर्थ है ।

सम्यक्त्वेन हि युक्तस्य, ध्रुव निर्वाण-सगम ।
मिथ्या दृशोऽस्य जीवस्य, ससारे भ्रमण सदा ।। ८

अर्थ—जो श्रद्धा से युक्त हैं, उन्हें निश्चय मोक्ष मिलता है और इस मिथ्यादृष्टि जीव का ससार मे सर्वदा भ्रमण होता रहता है ।

हिन्दी

श्रद्धा है सारवार, श्रद्धा ही से खेवो पार ।
श्रद्धा बिन जीव ख्वार, निश्चय कर मानिये ।।

श्रद्धा धन है जगत मे, श्रद्धा से हो ज्ञान ।
बिन श्रद्धा की साधना, सफल कभी नहीं मान ।।

जहा श्रद्धा नही, वहा धर्म नही ।
—गाधी

श्रद्धा और चरित्र से युक्त मनुष्य जिस देश मे जाता है, वही पूजा जाता है । —बुद्ध

५

कषाय-परिणाम

प्राकृत

कसायपच्चक्खाणेण भन्ते ! जीवे किं जणयइ ।
कसायपच्चक्खाणेण वीयरागभाव जणयइ, वीयरागभावपडिवन्ने
वि य ण जीवे समसुहदुक्खे भवइ ।। १

अर्थ—हे भगवन् कषाय-क्रोध, मान, माया और लोभ के प्रत्याख्यान से जीव क्या फल प्राप्त करता है ?

कषाय के त्याग से जीव वीतराग भाव को प्राप्त होता है, और वीतराग भाव को प्राप्त कर जीव सुख-दुख मे सम भाव प्राप्त करता है ।

जइ उवसत कसाओ, लहइ अणत पुणोवि पडिवाय ।
नहु भे वीससियव्व थेवे वि कसाय सेसम्मि ।। २

अर्थ—कषाय शेष रहने पर अनन्तपुण्य वाला भी प्रत्यवाय प्राप्त करता है, अत थोडा सा भी कषाय शेष रहे तो उसकी उपेक्षा नही करनी चाहिए ।

अहे वयइ कोहेण, माणेण अहमा गई ।
माया गइ-पडिग्घाओ, लोभाओ दुहओ भय ॥ ३

अर्थ—क्रोध से आत्मा का अध पात होजाता है। मान से अधमगति प्राप्त होनी है। माया से सद्गति का मार्ग अवरुद्ध होता है। लोभ से दोनो लोक मे भय-कष्ट होता है।

अणथोवं वणथोव, अग्गीथोव कसायथोव च ।
ण हु भे वीससियव्व, थोव पि हु ते बहु होइ ॥ ४

अर्थ—ऋण, व्रण-घाव, अग्नि और कषाय—इनका थोडा सा अ श है, अत उसकी उपेक्षा नही करनी चाहिये। ये अल्प भी समय पर बहुत हो जाते है।

कोह माण च मायच, लोभच पाव वड्ढण ।
वमे चत्तारि दोसे उ, इच्छन्तो हियमप्पणो ॥ दश० ५

अर्थ—जो मनुष्य अपना हित चाहता है, उसे पापवर्द्धक, क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार दोषो को सदा के लिए छोड देना चाहिये।

सह-सल्लो जइ विकट्ठुग्ग, घोर-वीर तव चरे ।
दिव्व वास सहस्स, ततो वि त तम्स निप्फल ॥ ६

अर्थ—छल-कपट वाला व्यक्ति चाहे देवताओ के हजार वर्ष तक भी घोर उग्रतप करे, परन्तु अन्तर मे शल्य होने से, उसका वह सारा तप निष्फल है।

कोहो य माणोय अरिणग्गहीया, माया य लोभो य पवड्ढमाणा ।
चत्तारि ए ए कसिणा कसाया, सिंचंति मूलाइ पुणब्भवस्स ।। ७

अर्थ—अनिगृहीत क्रोध और मान तथा बढते हुए माया और लोभ ये चारो ही कषाय पुनर्जन्मरूपी वृक्ष की जडो को सीचते रहते है।

कोहो पीइ पणासेइ, माणो विणय नासणो ।
माया मित्ताणि नासेइ, लोभो सव्व विणासणो ।।

अर्थ—क्रोध प्रीति का नाश करता है, मान विनय का का नाश करता है, माया मित्र का नाश करती है और लोभ सभी सदगुणो का नाश करता है।

संस्कृत

दग्धोऽग्निना क्रोधमयेन दष्टो, दुष्टेन लोभाख्य महोरगेण ।
ग्रस्तोऽभिमानाजगरेण माया, जालेन बद्धोऽस्मि कथ भजे त्वाम् ।।८

अर्थ—प्रभो ! मै क्रोध की आग से जला हुआ हूं, दुष्ट लोभरूप सर्प ने डस रक्खा है। अभिमान के अजगर से निगला गया और माया के जाल से बधा हुआ तुम्हारी भक्ति कैसे करू ?

कषाय वशग प्राणी, हन्ता स्वस्य भवे-भवे ।
ससार वर्धनोऽन्येषा भवेद्वा वधको न वा ।। ६ हरि पु ६१/१०२

अर्थ—कपायाधीन प्राणी से दूसरो की हत्या हो या न भी हो, किन्तु वह अपना वध तो भव-भव मे करता है। अत वह ससार की वृद्धि करने वाला है।

हिन्दी

क्रोध ने नरक जाय, बाघ सिंघ सर्प थाय।
क्रोधी दुर्गत जाय, भमे कोडा-कोड रे॥
क्रोध ही ते मत जाय, क्रोध ही ते विष खाय।
क्रोध बहु दुखदाय, जीव आणे खोड रे॥
क्रोध की उपनी जाल, जोवो तम्मे तत्काल,
करी रातो आल माल, पीछा पत छोड रे।
भणे 'मुनि बालचद' सुण हो भविक वृंद,
क्रोध ते अनरथ मूल, क्रोध दूर छोड रे॥

—मुनि बालचद

उर्दू

गुस्से से बढके कौन है इन्सान का दुश्मन।
है शान का, रुतबे का यह ईमान का दुश्मन॥ हाली॥
दिखा न जोशोखरोश, इतना जोर पर चढकर।
गए जहान मे दरिया बहुत उतर चढकर॥
छोडा नहीं खुदी को, दौडे खुदा के पीछे।
आसा को छोड बन्दे, मुश्किल को ढूंढते हैं॥ नाशाद॥
मिट गई सारी खुदी, जाती रही दिल से दुई।
सबमे उसको जब से देखा, तफ़का जाता रहा॥ नासिख।
खोकर खुदी को पाया, खोए हुए को हमने।
सब कुछ अयां[1] हुआ है, जो था निहां[2] नजर से॥ सौदा॥
हजार सजदे करे, रात-रात भर जाहिद[3]।
जो दिल ही साफ न हो क्या जबीं[4] मे नूर[5] आए॥ जिगर॥

---

१ प्रकट, २, ओझल, ३ उपासक ४ मस्तक, ५ प्रकाश।

६

बाल-शिक्षा

प्राकृत

वसे गुरुकुले निच्च. जोगव उवहाणव ।
पियकरे पियवाई, से सिक्ख लद्धमरिहुई ॥ १ उ० ११/१४

अर्थ—जो सदा गुरुकुल मे अर्थात् गुरु सेवा मे वास करता और समाधि युक्त रहता है, जो उपधान तप करता, सर्व प्रिय आचरण करता और प्रिय बोलता है, वह शिक्षा प्राप्त करने योग्य है ।

सस्कृत

सुखार्थी चेत्यजेद्विद्या, विद्यार्थी चेत् सुख त्यजेत् ।
सुखार्थिन' कुतो विद्या, विद्यार्थिनाञ्च कुत सुखम् ॥ २

अर्थ—सुख चाहे तो विद्या छोड ग्रौर विद्या चाहे तो सुख को छोडदे । सुख चाहने वालो को विद्या कहा ? और विद्यार्थी को सुखकहा ?

लालयेत् पचवर्षाणि, दशवर्षाणि ताडयेत् ।
प्राप्तेतु षोडशे वर्षे, पुत्र मित्रवदाचरेत् ॥ ३

अर्थ—पाच वर्ष तक पुत्र का लालन करे, दश वर्ष तक ताडना करे और सोलह वर्ष का होने पर पुत्र के साथ मित्र-सा व्यवहार करे ।

माता शत्रु पिता वैरि, याभ्या बालो न पाठित ।
न शोभते सभा मध्ये–हसमध्ये बको यथा ।। ४

अर्थ—जो बालक को शिक्षण नही देते, वे माता शत्रु एव पिता वैरी के समान हैं । सभा मे वह बच्चा हसो के बीच बगुले के समान शोभा नही पाता ।

वरमेको गुणीपुत्रो, न च मूर्ख शतान्यपि ।
एकश्चन्द्र तमोहन्ति, न च तारागणोऽपि च ।। ५

अर्थ—एक गुणीपुत्र श्रेष्ठ है सौ मुर्ख पुत्र नही । एक ही चन्द्र अन्धकार को-नाश करता है किन्तु ताराओ का विशाल समुदाय भी नही ।

हिन्दी

लडका रखिये हटक मे, नहीं चाढिये शीस ।
नित प्रति लाड लडावता, बिगडे विसवा वीस ।।

बिगडे विसवा वीस, हाथ हुनर नहीं आवे ।
बैठ सभा के बीच, ऊच पद कबहु न पावे ।।

कहे गिरधर कविराय, सुनो हो उसके घर का ।
कोउ उपाय करो, तभी नहीं सुधरे लडका ।। गिरधर ।

ಅಅ

कूटी थी जब कूटी थी, काची ने तब कूटी थी ।
अब जो कूटे मोय, तो खबर बताऊ तोय ।।

७

स्वाध्याय

प्राकृत

सज्झाएण भंते ! जीवे किं जणयइ ?

सज्झाएण नाणावरणिज्ज कम्मं खवेइ ॥ १ उ० २९/१८

अर्थ—हे भगवन् ! स्वाध्याय से जीव क्या प्राप्त करता है ? उत्तर-स्वाध्याय से जीव ज्ञानावरणीय कर्म को क्षीण करता है ।

नाणं मेगग्ग चित्तो य, ठिओ य ठावइ परम् ।

सुआणि य अहिज्जित्ता, रओ सुय-समाहिए ॥ २ द० ९/४

अर्थ—श्रुत समाधि मे रमण करने वाला, शास्त्र को पढकर क्या लाभ प्राप्त करता ? (१) तत्व-अतत्व का ज्ञान होता, (२) चित्त की चचलता दूर होती, (३) आत्मा में स्थिरता प्राप्त होती-स्वयं स्थिर होकर अन्य को भी स्थिर करता, यह श्रुताराधन-स्वाध्याय का फल है ।

परतत्ती णिरवेक्खो, दुट्ठ वियप्पाण णासण समत्थो ।
तच्च विणिच्छय हेदू, सज्झाओ ज्झाण सिद्धियरो ।। ३

अर्थ—स्वाध्याय दूसरो की निन्दा से हटाने वाला, बुरे विकल्पो का नाश करने वाला, तत्वार्थ के विनिश्चय का कारण और ध्यान की सिद्धि मे सहायक है ।

श्लोको वर परम तत्व-पथ प्रकाशी,
न ग्रन्थ कोटिपठन जनरजनाय ।
सजीवनीति वरमौषधमेकमेव,
व्यर्थ श्रमस्य जननो न तु मूलभार ।। ४

अर्थ—परम तत्व को प्रकाशित करने वाला एक श्लोक अच्छा पर जनरजन के लिये क्रोडो ग्र थ का पढना अच्छा नही । सजीवनी एक भी औषध अच्छी किन्तु व्यर्थ भार देने वाला मूलो का ढेर अच्छा नही ।

वाचना पृच्छनाम्नायस्तथा धर्मस्य देशना ।
अनुप्रेक्षा च निर्दिष्ट , स्वाध्याय पञ्चधा जिनै । ५

जैनधर्मामृत १२/१५

अर्थ—शास्त्र के अध्ययन को स्वाध्याय कहते हैं, जो मूल और अर्थ की वाचना, तत्व-निर्णय के लिये पृच्छा, शुद्ध उच्चारण के साथ पाठ का परावर्तन, दूसरो को समझाने के लिये धर्मकथा का उपदेश करना, और चिन्तन-मनन पूर्वक अनुप्रेक्षा करना रूप पाच प्रकार के है ।

हिन्दी

स्वाध्याय हृदय का दीपक है, अज्ञान अधेरा दूर करे।
है मित्र सदा का यह साथी, सब जन की दुर्मत दूर करे॥

स्वाध्याय बिना घर सूना है, मन सूना है सद्ज्ञान बिना।
जीवन मे ज्ञान प्रकाश रहे, स्वाध्याय करो स्वाध्याय करो॥

ज्ञानी को दुख नहीं होता, ज्ञानी धीरज नहीं खोता है।
सत्सग से ज्ञान भडार भरो, स्वाध्याय करो स्वाध्याय करो॥

स्वाध्यायान्मा प्रमदितव्य ।
" उपनिषद् "

स्वाध्याय से प्रमाद नही करना चाहिए।

८

गुरु

प्राकृत

सो हु गुरू जो णाणी, आरंभ परिग्गहा विरओ।
पंचिंदिय संवरणो, तह नवविह बंभचेर गुत्तिधरो॥ १

जैन तत्व प्रकाश–१२१

अर्थ—वही गुरु है जो ज्ञानी और आरंभ एवं परिग्रह से विरत है। जो पंचेन्द्रिय को संयत रखने वाले तथा नौ प्रकार के ब्रह्मचर्य की गुप्ति के धारक हैं।

संस्कृत

अवद्यमुक्ते पथि य प्रवर्तते, प्रवर्तयत्यन्य जनश्च निस्पृह।
स सेवितव्य स्व-हितैषिणो गुरु स्वय तरस्तारयितु क्षम परम्॥ २

अर्थ—जो निर्दोष मार्ग पर चलते और बिना किसी स्वार्थ के अन्य प्राणी को प्रेरित करते हैं। आत्म हितैषी को जो स्वयं तैरते हुए दूसरे को तारने मे समर्थ है वैसे गुरु की सेवा करनी चाहिये।

विदलयति कुबोध बोधयति त्यागमर्थम्,
सुगति कुगति मार्गौ पुण्य-पापे व्यनक्ति।
अवगमयति कृत्याकृत्य भेद गुरुर्यो,
भव जल-निधि-पोतस्त्त विना नास्तिकश्चित् ॥

अर्थ—जो कुबोध को दूर कर सिद्धान्त का सही ज्ञान कराते। सुगति और कुगति के मार्ग व पुण्य-पाप का विवेक कराते। कर्तव्या-कर्तव्य का सम्यग् ज्ञान कराते, वैसे गुरु के सिवा भव-सागर पार कराने वाला जहाज और कौन हो सकता है ?

हिन्दी

विषयों की आशा नही जिनके, साम्यभाव धन रखते हैं।
निज पर के हित साधन मे जो, निशदिन तत्पर रहते हैं॥
स्वार्थ त्याग की कठिन तपस्या, बिना खेद जो करते हैं।
ऐसे त्यागी साधु जगत के, दुख समूह को हरते हैं॥

गुरु लोभी चेला लालची, दोनों खेले दाव।
दोनों डूबे बापडा, बैठ पत्थर की नाव॥

लोभी गुरु तारे नहीं, तिरे सो तारण हार।
जो तू तिरणो चाहे, तो निर्लोभी गुरु धार॥

बिल्लो गुरु बगुला किया, दशा ऊजली देख।
कहो कालू कैसे तिरे, दोनो की गति एक॥

८

गुरु

प्राकृत

सो हु गुरू जो णाणी, आरभ परिग्गहा विरओ ।
पचिंदिय सवरणो, तह नवविह बभचेर गुत्तिधरो ।। १

जैन तत्व प्रकाश-१२१

अर्थ—वही गुरु है जो ज्ञानी और आरभ एव परिग्रह से विरत है । जो पचेन्द्रिय को सयत रखने वाले तथा नौ प्रकार के ब्रह्मचर्य की गुप्ति के धारक हैं ।

सस्कृत

अवद्यमुक्ते पथि य प्रवर्तते, प्रवर्तयत्यन्य जनञ्च निस्पृह ।
स सेवितव्य स्व-हितैषिणो गुरु स्वय तरस्तारयितु क्षम परम् ।। २

अर्थ—जो निर्दोष मार्ग पर चलते और बिना किसी स्वार्थ के अन्य प्राणी को प्रेरित करते हैं । आत्म हितैषी को जो स्वय तैरते हुए दूसरे को तारने मे समर्थ हैं वैसे गुरु की सेवा करनी चाहिये ।

विदलयति कुबोध बोधयति त्यागमर्थम्,
सुगति कुगति मार्गौ पुण्य-पापे व्यनक्ति।
अवगमयति कृत्याकृत्य भेद गुरुर्यो,
भव जल-निधि-पोतस्त विना नास्तिकश्चित् ॥

अर्थ—जो कुबोध को दूर कर सिद्धान्त का सही ज्ञान कराते। सुगति और कुगति के मार्ग व पुण्य-पाप का विवेक कराते। कर्तव्या-कर्तव्य का सम्यग् ज्ञान कराते, वैसे गुरु के सिवा भव-सागर पार कराने वाला जहाज और कौन हो सकता है ?

हिन्दी

विषयों की आशा नहीं जिनके, साम्यभाव धन रखते हैं।
निज पर के हित साधन मे जो, निशदिन तत्पर रहते हैं ॥

स्वार्थ त्याग की कठिन तपस्या, बिना खेद जो करते हैं।
ऐसे त्यागी साधु जगत के, दुख समूह को हरते हैं ॥

गुरु लोभी चेला लालची, दोनो खेले दाव।
दोनों डूबे बापडा, बैठ पत्थर की नाव ॥

लोभी गुरु तारे नहीं, तिरे सो तारण हार।
जो तू तिरणो चाहे, तो निर्लोभी गुरु धार ॥

बिल्ली गुरु बगुला किया, दशा ऊजली देख।
कहो कालू कैसे तिरे, दोनों की गति एक ॥

भटक मुवा भेदू विना, कौन बतावे धाम।
चलता चलता युग गयो, पाव कोस पर गाम॥

परम पुरुष प्रभु सद्गुरु, परम ज्ञान सुख धाम।
जेणे आप्युं भान निज, तेने करू प्रणाम॥

कबिरा ते नर अंध है, गुरु को मानत और।
हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठेनहीं ठौर॥

—कबीर

❀

६

ज्ञान की महिमा

प्राकृत

ना सपन्नयाए ण भन्ते ! जीवे किं जणयइ ?
नाणसपन्नयाए ण जीवे सव्वभावाहिगम जणयइ।
नाणसपन्ने ण जीवे चाउरन्ते ससारकन्तारे न विणस्सइ।
जहा सूई ससुत्ता पडिया वि न विणस्सइ।
तहा जीवे ससुत्ते ससारे न विणस्सइ ॥ उ० २९/५९

अर्थ—हे भगवन् ! ज्ञान सम्पन्नता–श्रुत ज्ञान की सम्पन्नता से जीव क्या प्राप्त करता है ?

उत्तर—ज्ञान सम्पन्नता से जीव सब पदार्थों को जान लेता है। ज्ञान सम्पन्न जीव चार गति-रूप, चार अन्तो वाली ससार अटवी मे विनष्ट नही होता। जिस प्रकार ससूत्र (धागे मे पिरोई हुई) सुई गिरने पर भी गुम नही होती, उसी प्रकार ससूत्र (श्रुत सहित) जीव ससार मे रहने पर भी विनष्ट नही होता।

संस्कृत

ज्ञानपूर्वमनुष्ठान, नि शेष यस्य योगिन
न तस्य बधमायाति, कर्म कस्मिन्नपि क्षणे ॥
जैन धर्मामृत ३/२१

अर्थ—जिस योगी का समस्त अनुष्ठान (धार्मिक प्रवृत्ति) ज्ञान पूर्वक होता है उसको कभी भी कर्म वन्ध नही होता।

श्रेयान्द्रव्यमयाद्यज्ञाद् ज्ञानयज्ञ पर तप।
सर्व कर्माखिल पार्थ, ज्ञाने परिसमाप्यते ॥
—गीता

अर्थ—हे परतप! द्रव्यमय यज्ञो से ज्ञानयज्ञ श्रेष्ठ है। हेपार्थ! समस्त कम ज्ञान के आने पर नष्ट हो जाते हैं।

यथा यथा ज्ञान-बलेन जीवो, जानाति तत्व जिननाथ दृष्टम्।
तथा तथा धर्ममति प्रशस्ता, प्रजायते पाप-विनाश शक्ता ॥ ४

अर्थ—जैसे जैसे जीव ज्ञान वल से जिननाथ द्वारा प्रदर्शित तत्व को जानता है, वैसे वैसे उसमे उत्तम धर्ममति उत्पन्न होती है जो कि पाप के नाश करने मे सवल होती है।

अज्ञान तमसाच्छन्नो, मूढान्त करणो नर ।
न जानाति कुत कोऽहं, क्वाहं गन्ता किमात्मक ॥

अर्थ—अज्ञानान्धकार से ढका और मूढ अन्त करण वाला नर नही जानता कि मैं कहा से आया, कौन हूँ और कहाँ जाऊँगा? तथा मेराआत्म स्वरूप क्या है?

तमो धुनीते कुरुते प्रकाश शमविधत्ते विनिहन्ति कोपम् ।
तनोति धर्मं विधुनोति पाप, ज्ञान न कि कुरुते नराणाम् ॥ ४

अर्थ—ज्ञान हृदय के अन्धकार को नाश कर दिव्य प्रकाश फैलाता है, शान्ति स्थापित करता एव क्रोध का नाश करता है, धर्म का विस्तार करता तथा पापको नष्ट करना है, इस तरह ज्ञान मनुष्यो का क्या नही करता ? याने सब कुछ करता है ।

शक्यो विजेतु न मन करीन्द्रो, गन्तु प्रवृत्त प्रविहाय मार्गम् ।
ज्ञानाङ्कुशेनात्र विना मनुष्यै, विनाङकुश मत्तमहा करीव । ५

अर्थ—इस ससार मे सुमार्ग छोड कर चलने वाले मन रूप गजेन्द्र को मनुष्य ज्ञानाकुश से ही जीतने मे समर्थ हो सकता है, जैसे मत्त गजेन्द्र अ कुश के विना वश मे नही होता वैसे ज्ञान के विना मन मातग भी वश नही आता ।

क्षेत्रे प्रकाश नियत करोति, रविर्दिनेऽस्त पुनरेव रात्रौ ।
ज्ञान त्रिलोके सकले प्रकाश, करोति नाच्छादनम स्त किञ्चित् ॥ ६

अर्थ—सूर्य दिन मे नियत रूप से पृथ्वी पर प्रकाश करता है और उसके डूबने पर रात मे पुन अन्धकाररहता है । किन्तु ज्ञान समस्त तीनो लोको मे प्रकाश करता है, उसको ढकने वाला कोई नही है ।

धर्मार्थकाम व्यवहार शून्यो-विनष्ट-नि शेष-विचार बुद्धि ।
रात्रि दिव भक्षण सक्त चित्तो ज्ञाने न हीन पशुरेवशुद्ध ।

अर्थ—ज्ञानहीन मनुष्य धर्म, अर्थ, काम और व्यवहार से शून्य एव समस्त सद् विचार से रहित वुद्धि वाला दिन रात भोजन मे तल्लीन केवल शुद्ध पशु मात्र ही कहा गया है ।

शौच क्षमा सत्य-तपो-दमाद्या गुणा समस्ता क्षणतश्चलन्ति।
ज्ञानेन हीनस्य नरस्य लोके, वात्याहता वातरवोऽपि मूलात् ।।८

अर्थ—पवित्रता, क्षमा, सत्य, तप और इन्द्रिय निगह आदि समस्त सद्गुण ज्ञान हीन नर के पास से क्षणभर मे चले जाते है, जैसे आंधी से आहृत वृक्ष जड से गिर जाते हैं।

परोपदेश स्वहितोपकार ज्ञानेन देही वितनोतिलोके।
जहाति दोष श्रयते गुणञ्च ज्ञान जनैस्तेन समर्चनीयम् ।। ६

अर्थ—ज्ञान से मनुष्य ससार मे स्वपर का उपकार करता और सदुपदेश फैलाता है। ज्ञान से ही दोष त्याग कर गुण को ग्रहण करता अत लोगो को भली भाति ज्ञान का आराधन करना चाहिए।

अक्रोध वैराग्य जितेन्द्रियत्व, क्षमा-दया-सर्वजन प्रियत्वम्।
निर्लोभदान भयशोक-हान, ज्ञानस्य चिन्ह दश लक्षणाच। १०

अर्थ—क्रोध नही करना, वैराग्य, जितेन्द्रियता, क्षमा, दया, सर्व जन-प्रियता, निर्लोभिता, दान करना भय और शोक रहित होना ज्ञान के ये दश लक्षण हैं।

यदज्ञ जीवो विधुनोति कर्म, तपोभिरुग्रैर्भव कोटि लक्षै।
ज्ञानी तु चैक क्षणतो हिनस्ति, तदत्रकर्मेति जिनावदन्ति। ११

अर्थ—लाखो करोडो भव के उग्र तप मे अज्ञ जीव जिस कर्म का नाश करते हैं, ज्ञानी उस कर्मदल को एक क्षण मे नष्ट कर देता है, ऐसा जिनेन्द्र का कथन है।

हिन्दी

ज्ञान गरीबी गुरु वचन, नरमाई निर्दोष ।
एता कबहू न छोडिये, श्रद्धा शील संतोष ॥

समझ सार संसार मे समझू टाले दोष ।
समझ समझ कर जीवडा, गया अनन्ता मोक्ष ॥

समझू सके पाप से, अणसमझू हरसन्त ।
वे लूखा वे चीकणा, इण विध कर्म बन्धन्त ॥

●●

उर्दू

अक्ल से ही इन्सान इन्सान है ।
अक्ल न हो इन्सान हैवान है ॥ 'हाली'

विना सोचे विना समझे "वशर" जो काम करते हैं ।
येह अपने हाथों से ही आखिर बुरा अंजाम करते हैं ।

न हिन्दु है बुरा और न मुसलमान है बुरा ।
बुराई हैं जिस में वोह इन्सान है बुरा ॥ "वशर"

●●

१०

सेवा

<u>प्राकृत</u>

वेयावच्चेण भन्ते ! जीवे किं जणयइ ?

वेयावच्चेण तित्थयर नाम गोत्त कम्म निबधइ। १ उ० २९/४३

अर्थ—हे भगवन् ! वैयावृत्य–सेवा से जीव क्या फल प्राप्त करता है ?
वैयावृत्य–से जीव तीर्थंकर नाम कर्म का उपार्जन करता है।

जो गिलाण पडियरइ, सो मम पडियरइ।

जो मम पडियरइ, सो गिलाण पडियरइ॥ ओघ नि० टीका

जो गिलाण पडियरइ, सो मम णाणेण दसणेण चरित्तेण–
पडिवज्जइ।२

अर्थ—जो ग्लान–आतुर की सेवा करता है, वह मुझे सेवता है। और
जो मुझे सेवता है वह ग्लान को सेवता है। जो ग्लान को सेवता
है वह ज्ञान, दर्शन और चारित्र से मुझे स्वीकार करता है।

वेयावच्च नियथ करेह, उत्तर गुणे धरित्ताण। ३

सव्व किल पडिवाई वेयावच्च अपडिवाई। ओघ०टीका ५३२-३३

अर्थ—उत्तम-गुण धारण करने वालो की नियत सेवा करो और सब गुण मन से निकल जाते, पर सेवा गुण कभी भुलाया नहीं जाता।

सस्कृत

बाल-वृद्ध-यतीनाञ्च, रोगिणा यद्विधीयते।
स्व-शक्त्या यत्प्रतीकारो, वैयावृत्य तदुच्यते ॥ ४

अर्थ—बाल वृद्ध एव रोगी साधुजनो की शक्ति भर पीडा का प्रतीकार करना ही सेवा कही जाती है।

हिन्दी

सतन की सेवा किया, प्रभु रींझत है आप।
ज्याका बाल खिलाइये, वाका रींझत बाप ॥
सेवा से पायो सुखरे, शुभ पुण्य खजाना भरता है।
नदिषेण और बाहुबली का अनुपम सुख बल पाता है ॥

उर्दू

खिदमत करू मैं सबकी, खिदमतगुजार बनकर।
दुश्मन के भी न खटकूं, आखो मे खार१ बनकर ॥
"जफर"

वही है जिन्दगी जो, नाम पाती है भलाई मे।
खुदी को छोडकर जो पहुंच जाती खुदाई मे।
मिसाले बुलबुला२ है जिन्दगी दुनियाए३ फानी मे।
जो तुझसे हो सके करले भलाई जिन्दगानी मे ॥
"असीर"

१-काटा २-पानी का फोला ३-नश्वर ससार

अर्थ—उत्तम-गुण धारण करने वालो की नियत सेवा करो और सव गुण मन से निकल जाते, पर सेवा गुण कभी भुलाया नहीं जाता ।

संस्कृत

वाल-वृद्ध-यतीनाञ्च, रोगिणा यद्विधीयते ।
स्व-शक्त्या यत्प्रतीकारो, वैयावृत्य तदुच्यते ।। ४

अर्थ—वाल वृद्ध एव रोगी साधुजनो की शक्ति भर पीडा का प्रतीकार करना ही सेवा कही जाती है ।

हिन्दी

सतन की सेवा किया, प्रभु रीझत है आप ।
ज्याका बाल खिलाइये, वाका रीझत बाप ।।
सेवा से पापी सुधरे, शुभ पुण्य खजाना भरता है ।
नदिषेण और बाहुबली का अनुपम सुख बल पाता है ।।

उर्दू

खिदमत करू मैं सबकी, खिदमतगुजार बनकर ।
दुश्मन के भी न खटकू, आखो मे खार[1] बनकर ।।
"जफर"

वही है जिन्दगी जो, नाम पाती है भलाई मे ।
खुदी को छोडकर जो पहुच जाती खुदाई मे ।
मिसाले बुलबुला[2] है जिन्दगी दुनियाए[3] फानी में ।
जो तुझसे हो सके करले भलाई जिन्दगानी में ।।
"अमीर"

१-काटा २-पानी का फोला ३-नश्वर ससार

दूसरो को जिसने दुनिया मे बनाया कामयाब।
जिन्दगी उसकी है "दानिश" उसका जीना है सफल॥
'दानिश'

तमन्ना दर्दे दिल की हो तो कर खिदमत फकीरो की।
नहीं मिलता है यह गोहर[1], बादशाहो के खजाने मे॥

खुदा के बन्दे तो हैं हजारो, वनो मे फिरते हैं मारे मारे।
मैं उसका बन्दा बनू गा, जिसको खुदा के बन्दो से प्यार होगा॥
"इकबाल"

किसी दुनिया के बन्दे को, अगर शौके[2]-शहादत हो।
तो उसका काम दुनिया मे, सदा इन्सा की खिदमत हो॥

---

१ मोती २-बलिदान

६०

न सूरत बुरी है न सीरत बुरी है। बुरा है वोही जिसकी नीयत बुरी है।

११

प्रमाद–परिणाम

प्राकृत

मज्ज विसय कसाया, निद्दा विगहा य पचमी भणिया ।
एए पच पमाया, जीव पाडति ससारे ।। १

अर्थ—मद्य-नशा, इन्द्रियो के विषय, चार कषाय, निद्रा और विकथा– ये पाच प्रमाद कहे गये हैं, जो जीव को ससार गर्त मे गिराने वाले है।

दुल्लहे खलु माणुसे भवे, चिरकालेण वि सव्व पाणिण ।
गाढा य विवाग–कम्मुणो, समय गोयम ! मा पमायए ।। २

अर्थ—निश्चय ही मनुष्य जन्म दीर्घ काल से भी सब प्राणियो को मिलना दुर्लभ है। क्योकि कर्म के विपाक तीव्र होते हैं, इसलिये हे गौतम ! क्षण भर भी प्रमाद मत कर।

जस्सत्थि मच्चुणा सक्ख, जस्स वऽत्थि पलायण ।
जो जाणे न मरिस्सामि, सो हु कखे सुए सिया ।। ३

अर्थ—कल की इच्छा वही कर सकता है जो मौत के मुह से बचकर पलायन कर सके या जिसकी मृत्यु के साथ मैत्री हो अथवा जो यह जानता हो कि मै नही मरु गा ।

सम्कृत

यावत्स्वस्थमिद शरीरमरुज, यावज्जरा दूरतो ।
यावच्चेन्द्रिय शक्तिरप्रतिहता, यावत्क्षयो नायुष ।
आत्मश्रेयसितावदेव विदुषा, कार्यं प्रयत्नो महान् ।
प्रोद्दीप्ते भवने च कूप खनन,प्रत्युद्यम कीदृश । ४

—भर्तृहरि

अर्थ—जब तक शरीर स्वस्थ और नीरोग है तथा बुढापा दूर है, जब तक इन्द्रियो की शक्ति कम नही हुई है और आयु भी समाप्त नही हुआ है, तभी तक विद्वानो को आत्म कल्याण के कार्यो मे महान् प्रयत्न करना ठीक है। क्योकि घर जलने के समय मे कूप खोदने के उद्यम से क्या होगा ? अर्थात कुछ नही ।

हिन्दी

का वर्षा जब कृषि सुखाने, समय गये पुनि का पछताने।

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब्ब ।
पल मे परलय होयगी, फेर करेगो कब्ब ।।

एक सास खाली मत खोयले खलक बीच,
कीचक कलक अग धोयले तो धोयले ।
उर अवियार पाप पूर को भरयो है जामे,
ज्ञान की चिराग चित्त जोयले तो जोयले ।।

मानुस जनम ऐसो, फेर न मिलेगो मूढ़,
परम प्रभु से प्यारो होयले तो होयले।
क्षण भंग देह यामे जनम सुधारबो है,
बीज के झमके, मोती पोयले तो पोयले॥

उर्दू

फैल गई बालों मे सुफेदी, चौंक जरा करवट तो बदल।
शाम से गाफिल सोनेवाले, देख तो कितनी रात हुई॥

—आरजूलखनवी

●●

जब तेरी बदफैलियों का खात्मा हो जाएगा।
तब तेरा ही आत्मा परमात्मा हो जाएगा॥

जोअपनी खुदी से जुदा हो गया।
खुदा की कसम वोह खुदा हो गया।

१२

अप्रमाद

प्राकृत

धीरो ! मुहुत्तमपि णो पमायए,
वओो अच्चेइ जोव्वणं च । आचा०

अर्थ—हे धीर ! एक क्षण का भी प्रमाद न कर । तेरी आयु बीत रही है और यौवन ढल रहा है ।

त तह दुल्लह लभ, विजुलया-चचल माणुसत्त ।
लद्धूण जो पमायइ, सो कापुरिसो न सप्पुरिसो ॥

अर्थ—अति दुर्लभ तथा विजली के समान चचल जन्म पाकर भी जो आत्म-साधना मे प्रमाद करता है, वह कापुरुष है, सत्पुरुष नही ।

ज कल्ले कायव्व, णरेण अज्जेव वर काउ ।
मच्चू अकलुण-हिअओ, न हु दीसई आवयतोवि ॥
बृहत्कल्प भाष्य

अर्थ—मनुष्य ! तुम्हे जो सत्कर्म कल करना है, उसे आज ही करलेना श्रेयस्कर है। मृत्यु बडी निर्दय है, वह आती हुई नही दिखाई पडती।

परिजूरइ ते सरीरय, केसा पडुरया हवति ते।
ते सव्व बले य हायई, समय गोयम मा पमायए।

अर्थ—तुम्हारा शरीर जीर्ण होता जा रहा है और सिर के बाल सफेद। सब प्रकार का बल क्षीण हो रहा है इसलिये गौतम! क्षण मात्र भी प्रमाद मत कर।

संस्कृत

अप्रमादोऽमृत पद, प्रमादो पदमापदाम्।
अप्रमत्ता न म्रियन्ते, प्रमत्ताना ध्रुवा मृति । १

अर्थ—अप्रमाद याने जागरूकता निर्वाण का पद है और प्रमाद विपत्ति का स्थान है। प्रमाद रहित प्राणी कभी नाश नही पाते तथा प्रमादी का विनाश निश्चित है।

प्रमाद माऽनुयुञ्जीथा, मा कामरति सस्तवम्।
अप्रमत्तो हि सध्यायन्, प्राप्नोति विपुल सुखम्। २

अर्थ—प्रमाद मे मन को नही लगाओ और विषय वासना के सम्पर्क मे नही पडो, क्योकि ध्यानलीन अप्रमादी व्यक्ति ही महान् सुख को प्राप्त करता है।

प्रमादमनुयुञ्जन्ति, बाला दुर्मेधसो जना।
अप्रमादञ्च मेधावी, धन श्रेष्ठीव रक्षति। ३ "धम्मपद"

अर्थ—मूर्ख और दुर्बुद्धि व्यक्ति प्रमाद मे मन लगाते हैं किन्तु बुद्धिमान पुरुष अप्रमाद की ऐसी रक्षा करते है जैसे सेठ धनकी ।

आयुष क्षण एकोऽपि, सर्वं रत्नै नं लभ्यते ।
नीयते तद् वृथा येन, प्रमाद सुमहानहो ।। ४

योगवाशिष्ठ

अर्थ—ससार के समस्त रत्नो के द्वारा भी आयु का एक क्षण प्राप्त नही किया जा सकता, ऐसी वेशकीमती आयु को व्यर्थ मे गवाना महान् प्रमाद है ।

मघवा ह्यप्रमादेन, देवाना श्रेष्ठता गत ।
अप्रमाद प्रशसन्ति, प्रमादो गर्हित' सदा । ५

अर्थ—देवराज इन्द्र अप्रमाद के वल से ही देवो मे श्रेष्ठत्व को प्राप्त करता है । ससार के सभी लोग अप्रमाद की प्रशसा करते हैं प्रमाद सदा निन्दित माना गया है ।

१३

काम-भोग

प्राकृत

सव्व विलवियं गीय, सव्व नट्टं विडम्बियं ।
सव्वे आभरणाभारा, सव्वे कामा दुहावहा । उत्त० १

अर्थ—सब वषयिक गान विलाप हैं, सब नाचरग विडम्बना है, सब अलकार शरीर के बोझ है, अधिक क्या ? ससार के सभी काम-भोग दु.खावह हैं ।

सुटठु वि मग्गिज्जतो, कत्थ वि केलेइ नत्थि जह सारो ।
इ दिय-विसएसु तहा, नत्थि सुह सुट्ठु वि गविट्ठ ।। २
भत्त-परिज्ञा

अर्थ—जैसे कदली स्तम्भ मे ढूंढने पर भी कही सार नही मिलता, इसी प्रकार इन्द्रिय के विषयो मे ज्ञानियो ने पूरी छानवीन के वाद भी कही सुख नही देखा ।

जहा किंपाग-फलाण, परिणामो न सुन्दरो ।
एव भुत्ताण भोगाण, परिणामो न सुन्दरो ।। उत्तरा० ३

अर्थ—जैसे किंपाक फलो का परिणाम अच्छा नही होता, उसी प्रकार भोगे हुए भोगो का परिणाम भी अच्छा नही होता ।

खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा, पगामदुक्खा अणिगामसोक्खा ।
ससारमोक्खस्स विपक्खभूया, खाणी अणत्थाण उ कामभोगा ॥ ४

अर्थ—काम-भोग क्षण भर सुख और चिरकाल तक दु ख देने वाले है बहुत दु ख और थोडा सुख देने वाले है । ये ससार और मुक्ति के विरोधी एव अनर्थो की खान है ।

सल्ल कामा विस कामा, कामा आसीविसोवमा ।
कामे पत्थेमाणा, अकामा जन्ति दोग्गइ ॥ ५ उ० ९/५३

अर्थ—काम-भोग शल्य है, विष है, और आशीविष-सर्प के समान है । काम-भोग की चाह करने वाले, उनका सेवन न करते हुए भो दुर्गति को प्राप्त होते हैं ।

संस्कृत

न जातु काम कामाना-मुप-भोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव, भूय एवाभिवर्धते ॥ १

अर्थ—कभी भी काम कामोपभोग से शान्त नही होता । जैसे हविष-आहुति द्रव्यो से आग बढती ही है, कम नही होती ।

तावन्महत्व पाण्डित्य, कुलीनत्व विवेकिता ।
यावज्ज्वलति नाङ्गेषु, हत पञ्चेषु-पावक । २ भर्तृहरि

अर्थ—बडप्पन, पाण्डित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य मे तभी तक रहते है, जब तक तन मे काम की अग्नि प्रज्वलित नही होती ।

तावदशेष-विचार समर्थस्तावदखण्डितमूर्जित मानम् ।
तावदपास्तमलो मननीयो, यावदनङ्ग वशी न मनुष्य । २

अर्थ—तभी तक मनुष्य समस्त विचारो मे समर्थ है, तभी तक सम्पूर्ण मान को भी प्राप्त करता है और तभी तक वह निर्दोष एव मननीय माना जाता है, जब तक कि काम के वश मे नही गिरता ।

नैतिरति गृह पत्तन मध्ये, ग्राम-धन-स्वजनान्य-जनेषु ।
वर्ष सम क्षणमेकमवैति, पुष्पधनु वंशतामुपयात । ३

अर्थ—उस व्यक्ति को घर या पत्तन मे, ग्राम मे धन मे, और स्वजन या किसी दूसरे मे हर्ष प्राप्त नही होता । जो काम के वश मे पडा हुआ है उसका एक क्षण भी वर्ष के समान लम्बा मालूम देता है ।

चारुगुणो विदिताखिल शास्त्र, कर्म करोति कुलीन-विनिन्द्यम् ।
मातृ पितृ स्वजनान्य जनाना, नैतिवश मदनस्य वशो ना । ४

अर्थ—सुन्दर गुणो वाला, समस्त शास्त्रो का जानकार और कुलीनो की तरह अनिन्दित कर्मो को करने वाला मनुष्य काम वश होने पर माता-पिता स्वजन एव अन्य किसी भी व्यक्ति के वश मे नही होता, वह निन्दित कर्म कर गुजरता है ।

चिन्तन कीर्तन भाषण केलि-स्पर्शन दर्शन विभ्रम हास्यै ।
अष्ट विध निगदन्ति मुनीन्द्रा काममपाकृतकाम विबाधा । ५

अर्थ—काम विकार की बाधा से दूर रहने वाले मुनियो ने, चिन्तन, कीर्तन, भाषण, केलि, स्पर्शन, दर्शन, आदर और हास्य इस प्रकार काम को आठ प्रकार का कहा है ।

दिवा पश्यति नो घूक, काको नक्त न पश्यति ।
अपूर्व कोऽपि कामान्ध, दिवा नक्त न पश्यति । ६

अर्थ—उल्लू दिन मे नही देखता और कौआ रात को नही देखता है ।
मगर कामान्ध तो अपूर्व व्यक्ति होता है जो दिन और रात
दोनो मे नही देखता ।

कृश काण खञ्ज श्रवण रहित पुच्छ विकल ।
व्रणी पूति क्लिन्न कृमिकुल शतैरावृत तनु ।
क्षुधा क्षामो जीर्ण, पिठरक कपालार्पित-गल ।
शुनीमन्वेति श्वा, हतमपि च हन्त्येव मदन ॥

अर्थ—कानो कृश पगु कान पूछने विहीन दीन,
पुरछत छाय पेर पूय की पनारे है ।
वाल वालहु मे कृमिजालने विहालतन,
अग सब भगभए वीरते पुकारे है ।
छुधाने विसेस छीन, जीरन मलीन महा,
भूपण सो हडिका कपाल गल धारे है,
ऐसी ही दसा मे सुनि ही की लार दोरतु है,
मरे ताहू स्वान को मनोज पुनि मारे है ।

या चिन्तयामि सतत मयि सा विरक्ता, साप्यन्यमिच्छति जन
सजनोऽन्य सक्त ।
अस्मत्कृते च परितुष्यति काचिदन्या, धिक् ताच तच मदनच
इमाच माच । ८

अर्थ—मैं सतत जिसकी इच्छा करता हूँ वह मुझ मे अनुराग वाली
नही है तथा वह किसी अन्य को चाहती है एव वह आदमी

किसी दूसरी मे आसक्त है। मेरे लिए कोई दूसरी प्रसन्न दिखाई देती है, अत उस पिंगला को, उस पुरुष को, मदन को इस स्त्री को और मुझको धिक्कार है।

विश्वामित्र पराशर प्रभृतयो वाताम्बुपर्णाशिना–,
स्तेऽपि स्त्रीमुख-पङ्कज सुललित दृष्ट्वैव मोहगता'।
शाल्यन्न सघृत पयोदधियुत ये भुञ्जते मानवा,
तेषामिन्द्रिय निग्रहो यदि भवेत् विन्ध्यस्तरेत् सागरम्॥ ९

अर्थ—विश्वामित्र पराशर आदि ऋषिगण जोकि हवा जल एव पत्ते खा कर रहते थे, वे भी स्त्री के सुन्दर मुख कमल को देख कर मुग्ध हो गए तो फिर जो मानव घी दूध और दही युक्त उत्तम भात खाते हैं। अगर उनको इन्द्रिय निग्रह हो जाय तो यह विन्ध्य पर्वत के सागर तैरने जैसा है अर्थात् असभव है।

हिन्दी

अस्थि चर्ममय देह मम, तामे जैसी प्रीति।
वैसी जो श्री राम मह, होति न तो भव भीति॥

—तुलसी

जैसा चित्त हराम में, वैसा हर से होय।
चला जाय वैकुण्ठ मे, पला न पकडे कोय॥

रहिमन राम न उरबसे, रहत विषय लपटाय।
पशु खर खात सवाद सौं, गुड गुलियाई खाय॥

काम भोग प्यारा लगे, फल किंपाक समान।
मीठी खाज खुजालता, पीछे दुख की खान॥

जो आपन चाहइ कल्याना सुजस सुमति सुभगति सुख नाना।
तो पर नारि लिलार गोसाई, तजहु चौथ के चन्द की नाई।
'तुलसी'

तीनो मूल उपाधिकी, जर जोरू जमीन।
है उपाधि तिसके कहा, जाके नहिं ये तीन।
जाके नहिं ये तीन, हृदय मे नाहिन इच्छा।
परम सुखी सो साधु, खाय यद्यपि लैभिच्छा।
कह 'गिरिधर कविराय', एक आतमरस भीनो।
निर्भय विचरे सन्त, सर्वथा तजकर तीनो।
। गिरिधर।

मन्त्र यन्त्र औषधन ते, तजत सर्प विषलाग।
यह क्यो हू उतरत नहीं, नारि नयन को नाग।

विनु सतोष न काम नसाहीं।
काम अछत सपनेहु सुख नाहीं॥ "तुलसी"

उर्दू

इश्क के घाट किसको सभलते देखा।
अच्छे अच्छो को यहा पाव फिसलते देखा।

मुहब्बत नहीं आग से खेलना है, लगाना पडेगा बुझाना पडेगा।
"आरजू"

रंग चेहरे का जाफरानी है। आशिको की यही निशानी है। "अमीन"

ऐ इश्क तूने अक्सर कौमो को खाके छोडा।
जिस घर से सर उठाया, उसको बिठा के छोडा। "हाली"

इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया।
वरना हम भी आदमी थे कामके ॥ 'गालिब'

मालूम जो होता अंजामे मुहब्बत।
लेते न कभी भूल के हमनामेमुहब्बत।
'जौक'

मकतबे इश्क का दुनिया मे निराला है सबक।
उसको छुट्टी न मिली, जिसको सबक याद हुआ।
इस इश्को-आशिकी के मजे हम से पूछिए।
दौलत लुटाई, रंज सहे, सो दिया ख़्वाब[1] ॥
"बेखुद देहलवी"

काबे भी हम गए न गया पर बुतो का इश्क।
इस दर्द की खुदा के भी घर मे दवा नहीं।
"यकीन सरहदी"

इश्क की जिस पर इनायत[2] हो गई।
होश जाइल[3] अक्ल रुखसत हो गई ॥
"जलील" अच्छा नहीं आबाद करना घर मुहब्बत का।
यह उनका काम है जो जिन्दगी बरबाद करते हैं ॥
बुरी है ऐ दाग ! राहे उल्फत खुदा न लेजाय ऐसे रस्ते।
जो चाहते हो तुम खैर अपनी, तो भूलकर दिललगी न करना ॥

---

१ शान्ति २, कृपा ३ नष्ट

१४

ब्रह्मचर्य

<u>प्राकृत</u>

जीवो बभा जीवम्मि चेव, चरिया हविज्ज जा जदिणो।
त जाण बभचेर, विमुक्क परदेह-तित्तिस्स ॥ १

अर्थ—आत्मा ब्रह्म है और जिसने पर–देह मे प्रवृत्ति करना छोड दिया है, ऐसे साधकयति की जो आत्मा मे चर्या है, उसी को ब्रह्मचर्य समझना चाहिये।

देवदाणवगन्धब्वा, जक्खरक्खस किन्नरा।
बम्भयारि नमसति, दुक्कर जे करन्ति त ॥ २ उ० १६/१६

अर्थ—उस ब्रह्मचारी को देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष राक्षस और किन्नर–ये सभी नमस्कार करते है, जो दुष्कर ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं।

दिव्व माणुस तेरिच्छ, जो न सेवइ मेहुण।
मणसा काय वक्केण, त वय बूम माहण ॥ ३

अर्थ—जो देव मनुष्य और तिर्यंच सबधी मैथुन का मन, वचन और काय से सेवन नही करता, उसे ब्राह्मण कहते है।

विभूस परिवज्जेज्जा, सरीर परिमडणं।
बमचेर रम्रो भिक्खू, सिंगारत्थ न धारए॥ ४

अर्थ—शरीर का सस्कार एव शोभा–विभूषा रूप शृ गार को ब्रह्मचर्य मे लीन साधु छोड दे, शृ गार का अर्थ—भाव मन मे नही रक्खे।

तवेसु वा उत्तम बभचेर। ५ सूत्र. ५ उ० २३।

अर्थ—ब्रह्मचर्य सभी तपो मे उत्तम तप है।

विरई अबभचेरस्स, काम भोग रसन्नुणा।
उग्ग महव्वय बभ, धारेयव्व सुदुक्कर।६ उत्त० अ० १६ गा०२८

अर्थ—काम–भोगो का रस जानने वाले के लिए अब्रह्मचर्य से विरक्त होना और उग्र ब्रह्मचर्य व्रत का धारण करना, बडा ही कठिन कार्य है।

अबभचरिय घोर, पमाय दुरहिट्ठिय।
नायरति मुणी लोए, भेयाययण-वज्जिणो।७ दश अ ६ गा १६

अर्थ—जो आशा-तृष्णा का दास है वह समस्त जगत का दास है और आशा-तृष्णा जिसकी दासी है उसका समस्त लोक दास है ।

तृष्णा हि सर्वपापिष्ठा, नित्योद्वेगकरी स्मृता ।
अधर्म-बहुला चैव, घोरा पापानुबन्धिनी ।। ६

अर्थ—तृष्णा अत्यधिक पापवाली, नित्य उद्वेग बढाने वाली, अधर्म प्रधान तथा भयकर पाप का बध करने वाली है ।

जीर्य्यन्ति जीर्य्यत केशा, दन्ता जीर्य्यन्ति जीर्य्यत ।
जीर्य्यंते चक्षुषी श्रोत्रे, तृष्णैका तरुणायते । ७

अर्थ—बुढापा आने पर केश पक जाते है और बुढापे मे दात भी झड जाते है, आख और कान भी कमजोर हो जाते है । किन्तु एक तृष्णा ही है जो तरुणी की तरह बनी रहती है ।

सप्तैतानि न पूर्यन्ते, पूर्यमाणान्यनेकश ।
ब्राह्मणोऽग्निर्यमोराजा, पयोधि रुदर गृहम् ।। ८

अर्थ—ये सातो अनेक तरह से भरे जाने पर भी नही भरते, ब्रह्मण१, अग्नि२, यम३, राजा४, समुद्र५, पेट६, और घर७ ।

भोगानभुक्तावयमेवभुक्ता-स्तपो न तप्त वयमेवतप्ता ।
कालो न यातो वयमेव यातास्तृष्णा न जीर्णा वयमेवजीर्णा ।। ९

अर्थ—भोग नही भोगा बल्कि हम सब स्वय भोगे गए, तपस्या नही तपी वरन हम सब ही तपे, समय नही गया बल्कि हम सब ही गए तृष्णा बूढी न हुई, बल्कि हम सब ही वृद्ध हो गये ।

वलिभिर्मुखमाक्रान्त पलितैरंकित शिर,
गात्राणि शिथिलायन्ते, तृष्णैका तरुणायते । १०

अर्थ—वलिकी सिकुडनो मे मुह व्याप्त होगया, शिर के बाल सफेद होगए, अग सब ढीले पड गए, पर केवल एक तृष्णा तरुण होती जा रही है।

अन्तस्तृष्णोपतप्ताना, दावदाहमय जगत् ।
भवत्यखिल जन्तूना यदन्तस्तद्वहि स्थितम् । ११

अर्थ—तृष्णा से तप्त अन्त करण वालो को यह जगत् दावानल की तरह प्रतीत होता है। क्योकि सब प्राणियो के जो अन्तर मे होता है, वही बाहर मे भी होता है।

हिन्दी

मै या पूरनब्रह्म, यदि चाह न होती बीच । 'रहीम'

उर्दू

दिल पाक न हो जब तक, दुनिया की तमन्ना से ।
क्या काम निकलता है, तसबीह[1] व मुसल्ला[2] से । 'आबाद'

---

1 माला, 2 नमाज

पृथिव्या त्रीणि रत्नानि, जलमन्न सुभाषितम् ।
मूढै पाषाण-खण्डेषु, रत्न-सज्ञा विधीयते ॥

अर्थ—पृथ्वी मे तीन ही रत्न है जल, अन्न और सुभाषित।
मूढो ने पत्थर के टुकडो मे रत्न नाम दिया है

प्रकीर्णक

- प्राकृत-सूक्ति
- संस्कृत-सूक्ति
- उर्दू-सूक्ति

पृथिव्या त्रीणि रत्नानि, जलमन्न सुभाषितम् ।
मूढै पाषाण-खण्डेषु, रत्न-सज्ञा विधीयते ॥

अर्थ—पृथ्वी मे तीन ही रत्न है जल, अन्न और सुभाषित ।
मूढो ने पत्थर के टुकडो मे रत्न नाम दिया है

प्रकीर्णक

- प्राकृत-सूक्ति
- संस्कृत-सूक्ति
- उर्दू-सूक्ति

१

प्राकृत–सूक्ति

– एकान्तवादी –

सय सय पससता, गरहता परवय ।
जे उ तत्थ विउस्सन्ति, ससार ते विउस्सिया । १ 'सूत्र कृताग

अर्थ—जो अपने मत की प्रशसा और पर मत की निन्दा करने मे ही अपना पाण्डित्य दिखाते है, वे एकान्तवादी ससार चक्र मे भटकते रहते हैं ।

– पर मे आत्म दर्शन –

तुमसि नाम त चेव ज हतव्व ति मन्नसि
तुमसि नाम त चेव ज अज्जावेयव्व ति मन्नमि ।
तुमसि नाम त चेव ज परियावेयव्व ति मन्नसि । २ आचा०

अर्थ—जिसे तू मारना चाहता है, वह तूही है । जिसे तू शासित करना चाहता है, वह तूही है । जिसे तू परिताप देना चाहता है, वह तूही है । (यह आत्मवत् बुद्धि अहिंसा का मूलाधार है) ।

— अक्रियावादी —

भणता अकरेन्ता य, बंध मोक्ख पइण्णिणो ।
वायावीरियमेत्तेण, समासासेन्ति अप्पय ॥ ३ उत्त०

अर्थ—जो केवल बोलते है, करते कुछ नही, वे बन्ध मोक्ष की बात करने वाले दार्शनिक केवल वाणी के बल पर ही अपने आपको झूठे आश्वस्त करते हैं ।

— दु ख रूप ससार —

जन्म दुक्ख जरा दुक्ख, रोगा य मरणाणि य ।
अहो दुक्खोहु ससारो, जत्थ कीसन्ति जतुणो ॥ ४

अर्थ—ससार मे जन्म का दुःख है जरा, रोग और मृत्यु का दु ख है, चारो ओर दु ख ही दु ख है । आश्चर्य है कि इस दु खमय ससार मे प्राणी, निरन्तर क्लेश पारहे हैं ।

— सारणादि रहित-सघ —

जहि णत्थि सारणा[1] वारणा य[2] पडिचोयणा[3] य गच्छम्मि ।
सोउ अगच्छो गच्छो, सजम-कामीण मोत्तव्वो ॥ ५ बृह० भा०

अर्थ—जिस सघ मे न सारणा है, न वारणा है और न प्रतिचोदना है, वह सघ सघ नही है । सयमाकाक्षी को वैसा गच्छ छोड देना चाहिए ।

— सज्जन-सग —

एगागिस्स हि चित्ताइ, विचित्ताइ खणेखणे ।
उप्पज्जति विलीयते, वसेव सज्जणे जणे ॥ ६ बृह भा

१- उचित कार्य की सूचना २ - अकर्तव्य का निषेध ३ - भूल होने पर शिक्षा

अर्थ—एकाकी रहने वाले साधक के मन मे प्रतिक्षण नाना प्रकार के विकल्प उत्पन्न एव विलीन होते रहते है। अत. सज्जनो की सगति मे रहना ही श्रेष्ठ है।

– मोक्ष के उपाय –

दोसा जेण निरुभति, जेण खिज्जति पुव्वकम्माइ ।
सो सो मोक्खोवाओ, रोगावत्थासु समण व ।। ७ नि भा वृ भा

अर्थ—जिस किसी अनुष्ठान से रागादि दोषो का निरोध होता हो तथा पूर्व सचित कर्म क्षीण होते हो, वे सब मोक्ष के साधक उपाय है। जैसे कि रोग को शमन करने वाला प्रत्येक अनुष्ठान चिकित्सा के रूप मे आरोग्यप्रद है।

– मोह-क्षय –

सुक्कमूले जहा रुक्खे, सिच्चमाणे ण रोहति ।
एव कम्मा न रोहति, मोहणिज्जे खयगते ।। ८ दशा

अर्थ—जिस वृक्ष की जड सूख गई हो, उसे कितना ही सीचिए वह हरा भरा नही होता। वैसे ही मोह के क्षीण होने पर कर्म भी फिर हरे भरे नही होते।

– अध्यात्म-योग –

जहा कुम्मे स अगाइ, सए देहे समाहरे ।
एव पावाइ मेहावी, अज्झप्पेण समाहरे ।। ९

अर्थ—जैसे कछुआ अपने अ गो को अ दर मे समेट कर खतरे से बच जाता है, वैसे ही साधक अध्यात्मयोग से अ तर्मुखी होकर अपने को पापवृत्ति मे सु क्षित रखता है।

— आचरणहीन ज्ञान —

जाणतोऽवियतरिउ, काइयजोग न जु जइनईए।
सोबुज्झइ सोएण, एव नाणी चरणहीणो॥ १० आव नि १/५४

अर्थ—तैरना जानते हुए भी यदि कोई जल प्रवाह मे कूद कर शारीरिक चेष्टा न करे–हाथ पाव न हिलाए तो वह प्रवाह मे डूब जाता है, ऐसे ही धर्म को जानते हुए भी यदि कोई उसपर आचरण न करे तो वह ससार सागर को कैसे पार कर सकेगा ?

— अल्पसेवी —

थोवाहारो थोवभणिओ य, जो होइ थोव-निद्दो य।
थोवोवहि-उवगरणो, तस्स हु देवा वि पणमति॥११ आव नि १२६५

अर्थ—जो साधक थोडा खाता है, थोडा बोलता है, थोडी नीद लेता है और थोडी ही धर्मोपकरण की सामग्री रखता है, उसे देवता भी नमस्कार करते है।

— हित मित सेवी —

हियाहारा सियाहारा, अप्पाहारा य जे नरा।
न ते विज्जा तिगिच्छति अप्पाण ते तिगिच्छगा॥१२ ओघ नि ५७८

अथ—जो मनुष्य हिताहारी है, मिताहारी और अल्पाहारी है, उन्हे किसी वैद्य से चिकित्सा करवाने की आवश्यकता नही होती, वे स्वय ही अपने वैद्य, चिकित्सक होते है।

— विवेकाचारी —

इहलोग-निरवेक्खो, अप्पडिबद्धो परम्मिलोयम्हि।
जुत्ताहार-विहारो, रहिद कसाओ हवेसमणो॥ १३ प्रव ३/२६

अर्थ---जो इस लोक से निरपेक्ष है, परलोक मे भी अप्रतिबद्ध—अनासक्त है और विवेक पूर्वक आहार विहार की चर्या रखता है, कषाय रहित है, वही सच्चा श्रमण है।

— आत्मा —

एगो मे सासदो अप्पा, णाण-दसण-लक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा, सव्वे सजोग लक्खणा ॥ १४ नियम १०२

अर्थ—ज्ञान दर्शन लक्षण वाला यह मेरा आत्मा ही शाश्वत तत्व है। इससे भिन्न जितने भी (रागद्वेषादि) भाव है वे सब सयोग—जन्य बाह्यभाव है, अत वे मेरे नहीं हैं।

— शिक्षा के पाच दूषण —

अह पचहि ठाणेहि जेहि सिक्खा न लब्भई।
थम्भा कोहा पमाएण, रोगेणाऽलस्सएण य। १५

अर्थ—मान—अहकार, क्रोध, प्रमाद, रोग और आलस्य इन पाच स्थानो से (हेतुओ से) शिक्षा प्राप्त नही होती।

— व्यर्थ गया क्षण —

जाजा वच्चइ रयणी, न सा पडि-नियत्तई।
अहम्म कुणमाणस्स, अफला जन्ति राइओ। १६

अर्थ—जो जो रात बीत रही है, वह लौटकर नही आती। अधर्म—करने वाले की वे रात्रिया निष्फल चली जाती है।

— सफल क्षण —

जाजा वच्चइ रयणी, न सापडिनियत्तई।
धम्म च कुणमाणस्स, सफला जन्ति राइओ ॥ १७

अर्थ—जो जो रात बीत रही है, वह लौट कर नही आती। धर्म करने वाले की वे रात्रिया सफल होती है।

– जीवन-साथी –

दाराणि य सुया चेव, मित्ताय तह बन्धवा।
जीवन्तमणु जीवन्ति, मय नाणुव्वयन्तिय। १८

अर्थ—स्त्रिया, पुत्र, मित्र और बान्धव, जीवित व्यक्ति के साथ जीते है किन्तु वे मृत के पीछे नही जाते।

– पुण्य पाप का फल –

पडन्ति नरए घोरे, जे नरा पावकारिणो।
दिव्व च गइ गच्छन्ति, चरित्ता धम्ममारिय ॥ १६

अर्थ—जो मनुष्य पाप करने वाले हैं, वे घोर नरक मे जाते हैं और आर्य-धर्म का आचरण करने वाले मनुष्य दिव्य गति को प्राप्त करते है।

– ब्राह्मण –

दिव्य-माणुसत्तेरिच्छ, जो न सेवइ मेहुण।
मणसा काय वक्केण, त वय बूम माहण ॥ २०

अर्थ—जो देव, मनुष्य और तिर्यंच सम्बन्धी मैथुन का मन, वचन और काय से सेवन नही करता, उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।

अलोलुय मुहाजीवी, अणगार अकिंचण।
असंसत्त गिहत्थेसु, त वय बूम माहण ॥ २१

अर्थ—जो लोलुप नही ह, निर्दोष-भिक्षा से जीवन निर्वाह करता है, जो गृहत्यागी है, जो अकिंचन है, जो गृहस्थो मे अनासक्त है, उसे हम ब्राह्मण कहते है।

— कर्म से ब्राह्मण-क्षत्रियादि —

कम्मुणा बभणो होइ, कम्मुणा होइ खत्तिओ।
वइस्सो कम्मुणा होइ, सुद्दो हवइ कम्मुणा ॥ २२

अर्थ—मनुष्य कर्म से ब्राह्मण होता है, कर्म से क्षत्रिय होता है, कम से वैश्य होता है और कर्म से ही शुद्र होता है।

— सत्सग से लाभ —

सवणे नाणे य विन्नाणे पचक्खाणे य सजमे।
अणण्हये तवे चेव, वोदाणे अकिरिया सिद्धी ॥ २३

अर्थ—सत्सग से धम श्रवण और उससे तत्त्व ज्ञान, तत्त्व ज्ञान से विज्ञान, विज्ञान से प्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान से सयम, सयम से अनाश्रव अनाश्रव से तप, तप से बद्ध कर्मो का नाश, कर्मनाश से निष्कर्मता और निष्कर्मता से सिद्धि अर्थात् मुक्त स्थिति प्राप्त होती है।

— चरित्र रहित का ज्ञान —

सुवहुपि सुयमहीय, किं काहिती चरण विप्पहूणस्स।
अधस्स जह पलित्ता, दीव-सय-सहस्स कोडीवि। २४

अर्थ—अत्यधिक सूत्र पढने पर भी चरित्रहीन को उससे क्या लाभ? जैसे अधे के आगे जलते हुए सैकडो, हजारो एव करोडो दीप भी काम के नही होते।

— चारित्र युक्त ज्ञान —

अप्पपि सुयमहीय, पगासय होइ चरण-जु त्तस्स ।
एक्को वि जह पईवो, सचक्खुअस्स पयासेइ ॥ २५

अर्थ—जिसने चारित्र युक्त होकर थोडा भी सूत्र पढा है वह प्रकाशक होता है । जैसे कि आख वाले के आगे एक भी दीप प्रकाशक होता है ।

— अनित्यता —

अच्चेइकालो तरन्ति राइओ, नयाविभोगा पुरिसाण निच्चा ।
उविच्च भोगा पुरिसचयन्ति, दुम जहा खीण फल व पक्खी ॥ २६
उत्त०

अर्थ—काल बीत रहा है, रातें जल्दी पूरी होती है । भोग भी पुरुषो के नित्य नही हैं । वे पुरुषो के पास आकर वैसे चले जाते हैं, जैसे क्षीण फल वाले वृक्ष से पक्षी ।

खेत्त वत्थु हिरण्णच, पुत्त दारच बन्धवा ।
चइत्ताण इम देह, गन्तव्वमवसस्स मे । २७ उत्त०

अर्थ—क्षेत्र, वस्तु, स्वर्ण, पुत्र, स्त्री, बान्धव और इस शरीर को छोड कर मुझे यहा से अवश्य जाना है ।

— कर्म बीज —

रागोय दोसोऽवि य कम्म-बीय, कम्मच मोहप्पभववयन्ति ।
कम्म च जाइ मरणस्स मूल, दुक्ख च जाइ मरण वयन्ति । २८

अर्थ—राग और द्वेष ये दो कर्म बीज है, कर्म मोह से उत्पन्न होता है । जन्म-मरण का मूल कर्म है और जन्म मरण ही दु.ख है ।

च्चिचा दुपय च चउप्पय च, खेत्त गिहधण-धन्न च मव्व ।
सकम्म-बीओ अवसो पयाइ, पर भव सु दर पावग वा ।२९ उत्त

अथ—दास-दासी, पशु, खेत और धन-धान्य युक्त पूरा घर छोड कर कर्म सहित जीव परवश हो अच्छे या बुरे कर्मानुसार परभव का गमन करता है ।

– मृत्यु –

जहेह सीहो व सिय गहाय,
मच्चू नर तेन हुअन्तकाले ।
न तस्स माया व पिया व भाया,
कालम्मि तम्मि सहरा भवन्ति ।। ३०

अर्थ—जैसे सिंह मृग को गर्दन पकड ले जाता है, ऐसे अन्त काल मे मृत्यु मनुष्य को ले जाती है । उस समय माता पिता व भाई आदि कोई उसके सहायक नही होते ।

– दुर्लभ-धर्म –

लब्भति विउला भोए, लब्भति सुर सपया ।
लब्भति पुत्रमित्त च, एगो धम्मो न लब्भई ।। ३१

अर्थ—विपुल-भोग मिल सकता है, देवो की सम्पदा और पुत्र-मित्र भी मिल जाते हैं, पर एक वीतराग धर्म नही मिलता ।

धम्मेण कुल प्पसूई, धम्मेण य दिव्वरूव सपत्ति ।
धम्मेण धण समिद्धि, धम्मेण सवित्थरा कित्ती ।। ३२

अर्थ—धर्म से कुल वढता और धर्म से दिव्य रूप एव सम्पत्ति मिलती है । धर्म से ही धन वढता और कीर्ति का विस्तार होता है ।

— जिन-वचन —

जिन वयण ओसहमिण, विसयसुह विरेयण अमिय भूयम् ।
जर मरण वाहिहरण, खयकरण सव्व दुक्खाण ॥ ३३

अर्थ—जिनवाणी, विषय सुख निवारण करने मे विरेचन तुल्य है और जरा मरण रूप व्याधि हरण तथा सभी दु खो के विनाश करने मे अमृत के समान है ।

— व्यवहार-नीति —

अपुच्छिओ न भासिज्जा, भासमाणस्स अ तरा ।
पिट्ठि -मस न खाइज्जा, माया मोस विवज्जए ॥ ३४ दश०

अर्थ—विना पूछे किसी के बीच मे नही बोलना और कपट पूर्ण झूठ का सदा वर्जन करना चाहिए।

— राग-द्वेष —

को दुक्ख पाविज्जा, कस्स य सुक्खेहि विम्हओ हुज्जा ।
को वा न लभिज्ज मुक्ख, रागद्दोसा जइ न हुज्जा । ३५

अर्थ—यदि रागद्वेष न हो, तो ससार मे न कोई दु ख पाये और न कोई सुख पाकर विस्मित ही हो, प्रत्युत सब मुक्त हो जाय ।

— क्षमा —

सव्वस्स जीव रासिस्स, भावओ धम्मनिहि अचित्तो ।
सव्वे खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयपि ॥ ३६

अर्थ—धर्म मे स्थिर चित्त होकर मैं सद्भाव पूर्वक सब जीवो से अपने अपराधो की क्षमा चाहता हूँ और अपनी ओर से मै भी उनके अपराधो को क्षमा करता हूँ ।

– वैराग्य –

कम्माण तु पहाणाए, आणुपुव्वी कयाइ 'उ'।
जीवा सोहिमणुप्पत्ता, आययति मणुस्सय । ३७ उत्त

अर्थ—जब पाप कर्मों की तीव्रता कम पड जाती हे और चेतन क्रमिक विशुद्धि को प्राप्त करलेता हैं, तब कही मानव जन्म प्राप्त होता है।

असासए सरीरम्मि, रइ नोवलभामह ।
पच्छा पुराव चइयव्वे, फेणबुब्बुय-सन्निभे ।। ३८ उत्त०

अर्थ—मानव तन जल के बुलबुले की तरह नाशवान है । आगे या पीछे इसे एक दिन छोडना हो है, अत इस अशाश्वत शरीर मे मैं स्नेह नही पा सकता ।

माणुसत्ते असारम्मि, वाहि-रोगाण आलए ।
जरा-मरण-घत्थम्मि, खण पि न रमामह ।। ३९ उत्त०

अर्थ—मानव शरीर असार है, आधि व्याधियो का घर है, जरा और मरण से ग्रस्त है, अत मैं क्षण भर भी इसमे रहना नही चाहता ।

जो परिभवई पर जण, ससारे परिवत्तई मह ।
अदुइ खिणियाउ पाविया, इति सखाय मुणी ण मज्जई ।। ४०
'सूत्रकृताग'

अर्थ—जो मनुष्य दूसरे का तिरस्कार करता, वह चिरकाल तक ससार मे परिभ्रमण करता है। पर निन्दा पापका कारण है, यह सोचकर साधक अहमाव का पोषण नही करते।

जा दव्वे होइ मई अहवा, तरुणीसु रूववतीसु।
सा जइ जिणवरधम्मे, करयलमज्झेठिआ सिद्धी।

अर्थ—जो बुद्धि द्रव्य मे अथवा रूपवती तरुणियो मे होती है, वह यदि जिनवर के धर्म मे हो जाय तो हाथ के बीच मे सिद्धि रक्खी हुई है।

२

संस्कृत–सूक्ति

— वेष —

वेष न विश्वसेत् प्राज्ञो, वेषो दोषाय जायते ।
रावणो भिक्षुरूपेण, जहार जनकात्मजाम् ॥ १

अर्थ—बुद्धिमानो को केवल वेष का विश्वास नही करना चाहिए, वेष दोष के लिए भी होता है । रावण ने भिक्षुक के वेष से ही जनक तनया जानकी का हरण किया था ।

— सन्त का परिवार —

धैर्यं यस्य पिता क्षमा च जननी, शांतिश्चिर गेहिनी ।
सत्य सूनुरय दया च भगिनी, भ्राता मन सयम ।
शय्या भूमितल दिशोऽपि वसन, ज्ञानामृत भोजनम् ।
एते यस्य कुटुम्बिनो वद सखे ! कस्माद् भय योगिन । २

अर्थ—धैर्य जिसका पिता और क्षमा जिसकी माता है, शान्ति चिर सगिनी–भार्या रूप, सत्य पुत्र, दया बहिन और सयमित मन ही भाई है, पृथ्वीतल जिसके लिये शय्या, दिशाए वस्त्र, ज्ञानामृत

भोजन ये सारे जिसके कुटुम्ब हो, हे मित्र! फिर उस योगी को किसका भय हो सकता है?

— दान —

व्याजे स्याद् द्विगुणं वित्त, व्यवसाये चतुर्गुणम्।
क्षेत्रे शत-गुणं प्रोक्त, पात्रेऽनत-गुण भवेत्॥ ३

अर्थ—ब्याज मे धन दूना होता है और व्यवसाय मे चारगुणा एव खेत मे सौगुणा तथा सत्पात्र मे किया गया दान अनन्तगुण फल देन वाला होता है।

— दान के दोष —

अनादरो विलम्बश्च, वैमुख्य निष्ठुर वच।
पश्चात्तापश्च पञ्चापि, दानस्य दूषणानि च॥ ४

अर्थ—अनादर, विलम्ब, देर से देना, विमुखता, कठोर वाणी के साथ देना एव देने के बाद पश्चात्ताप ये पाँच दान के दोष है।

— दान के भूषण —

आनन्दोऽश्रूणि रोमाञ्चो, बहुमान प्रिय वच।
तथानुमोदनापात्रे दानभूषण पञ्चकम्॥ ५

अर्थ—पात्र मे दान देते समय आनन्दाश्रु, रोमाञ्च होना बहुमान के साथ देना, प्रिय-वचन एव देकर अनुमोदन करना ये पाच दान के भूषण ह।

— दान की उपयोगिता —

ध्यानेन शोभते योगी, सयमेन तपो-धन
सत्येन वचसा राजा, गृही दानेन चारुणा॥ ६

अर्थ—ध्यान मे योगी सुशोभित होता, सयम से तपस्वी सत्य–वाणी मे राजा और गृहस्थ सुन्दरदान से सुशोभित होता है।

भवन्ति नरका पापात्पाप दारिद्र्य सभवम्।
दारिद्र्यमप्रदानेन, तस्माद् दानपरो भवेत् ॥ ७

अर्थ—पाप से नरक मिलते है और दरिद्रता से पाप होता है तथा दान नही करने से दारिद्र्य आती है, अत दान करना चाहिए।

पात्रे त्यागी गुणेरागी, भोगी परिजनै सह।
शास्त्रे बोद्धा रणे योद्धा, पुरुष पञ्चलक्षणम् ॥ ८

अर्थ—सुपात्र मे त्याग करने वाला, गुण मे राग करने वाला और परिजनो के साथ भोग करने वाला, शास्त्र मे बोध करने वाला एव युद्ध मे लडने वाला ये पाच लक्षणो वाला पुरुष सत् लक्षण युक्त होता है।

उत्तमोऽप्रार्थितो दत्ते मध्यम प्रार्थित पुन।
याचकैर्याच्यमानोऽपि, दत्ते न त्वधमाधम ॥ ९

अर्थ—उत्तम पुरुष बिना मागे ही देते और मध्यम मागने पर देते है। किन्तु याचको के द्वारा मागे जाने पर भी जो नही देता, वह नीचो मे भी नीच है।

— सुपात्र दान —

सुपात्र-दानाच्च भवेद्धनाढ्यो, धन प्रभावेण करोति पुण्यम्।
पुण्य-प्रभावात् सुरलोकवासी, पुनर्धनाढ्य पुनरेव भोगी ॥ १०

अर्थ—सुपात्र दान से मनुष्य धनाढ्य होता है और धन के द्वारा पुण्य करता है एव पुण्य के प्रभाव से सुरलोक का वासी होता है, इस तरह वह पुन धनाढ्य एव फिर भोगी होता है।

— कुपात्र दान —

कुपात्र दानाच्च भवेद्दरिद्रो, दारिद्र्य दोषेण करोति पापम्।
पाप-प्रभावान्नरक प्रयाति पुनर्दरिद्र पुनरेव पापी ॥ ११

अर्थ—कुपात्र दान से मनुष्य दरिद्र होता है और दारिद्र्य के दोष से मनुष्य पाप करता है, पाप के प्रभाव से नरक जाता, इस प्रकार फिर से दरिद्र और फिर पापी होता रहता है।

— अभय दान —

यो ददाति सहस्राणि, गवामश्वशतानि च।
अभय सर्व-सत्वेभ्य, स्तद्दानमिति चोच्यते ॥ १२

अर्थ—जो हजारो गाय अथवा सैकडो घोडे दान करता है किन्तु जो सभी जीवो के लिए अभयदान देता है, वस्तुत वही बडा दान कहाता है।

— शील —

वह्निस्तस्य जलायते जलनिधि कुल्यायते तत्क्षणात्,
मेरु स्वल्प शिलायते मृगपति सद्य कुरङ्गायते ॥
व्यालो माल्य गुणायते विषरस पीयूष वर्षायते।
यस्यागेऽखिल-लोक-वल्लभतम शील समुन्मीलति ॥ १३

अर्थ—उस मनुष्य के लिए अग्नि जल तुल्य बन जाती और समुद्र तत्क्षण छोटी नहर सम हो जाता है। मेरु लघु शिलाखण्ड का

रूप धारण कर लेता और सिंह हिरण की तरह आचरण करने लगता है। सर्प माला का रूप ग्रहण करता और विष रस अमृत वर्षण करने लगता है, जिसके कि शरीर मे सम्पूर्ण लोक का वल्लभ शील प्रकटित होता है।

वेश्या रागवती सदा तदनुगा, षड्भीरसै-र्भोजनम् ।
सौधधाम मनोहर वपुरहो नव्यो वय सगम ॥
कालोऽय जलदाविलस्तदपि य काम जिगायादरात् ।
त वन्दे युवती प्रबोध कुशल श्रीस्थूलभद्र मुनिम् ॥ १४

अर्थ—जिनके प्रति रागानुरक्त वेश्या सदा अनुचर की तरह सेवा करती और षट्रस भोजन जिनको प्राप्त था, राजमहल सा मनोहर जिनका निवास स्थान था, जिनका शरीर सुन्दर एव तरुण वय का सयोग वाला था। समय भी घन घटा से घिरा हुआ था। ऐसे समय मे भी जिन्होने आदर पूर्वक काम को जीता, युवती को ज्ञान देने मे कुशल उस श्रीस्थूलभद्रमुनि को मैं वन्दना करता हूँ।

— तप —

नन्दीषेणदृढप्रहारि-जुठला-धन्यो मुनि ढंण्ढण ।
चाण्डालो हरकेशिनाम विदितो भूप प्रदेशी तथा ॥
एकस्त्री नर षट्कहा प्रतिदिन क्रूरोऽर्जुनो मालिक ।
कृत्वा क्षातियुत तपो, हतमला एते गता सद्गतिम् ॥ १५

अर्थ—नन्दीसेन, दृढ प्रहारि चोर, जुठल श्रावक, मुनिढण्ढण, चाण्डाल कुलीन हरिकेशीमुनि, राजा प्रदेशी, एकस्त्री और छपुरुषो को प्रति दिन मारनेवाला क्रूर अर्जुनमाली, इन सब ने शान्ति युक्त तप से कषाय मल को नष्ट करके सद्गति को प्राप्त किया।

क्षान्त्या शुध्यन्ति विद्वांसो, दानेनाकार्यकारिण ।
प्रच्छन्न पापा जापेन, तपसा सर्व एव हि ॥ १६

अर्थ—क्षान्ति (क्षमा भाव) से विद्वान् शुद्ध होते है और दान से बुरे काम करने वाले की शुद्धि होती है । छिप कर पाप करने वाले जप से और तपस्या से सभी पाप धुल जाते हैं ।

– चारित्र –

शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खा,
यस्तुक्रियावान्, पुरुष स विद्वान् ।
सुचिन्तित चौषधमातुराणा,
न नाम मात्रेण करोत्यरोगम् ॥ १७

अर्थ—शास्त्र पढकर भी लोग मूर्ख होते है, किन्तु जो क्रियावान् है वही विद्वान् है । आतुरो के लिए अच्छी तरह विचार कर दी गई दवा भी नाम मात्र से फलदायक नही होती । अर्थात् दवा के नाम मात्र से रोग दूर नही होता, उसे पेट मे लेना होगा ।

आचार-प्रभवो धर्मो, नृणा श्रेयस्करो महान् ।
इह-लोके परा कीर्ति, परत्र परम सुखम् ॥ १८

अर्थ—आचार से होने वाला धर्म ही मनुष्यो के लिये महान् कल्याण-कारी होता है । इससे ससार मे यश-कीर्ति तथा परलोक मे परम सुख प्राप्त होता है ।

– मुक्ति –

दग्धे बीजे यथाऽत्यन्त, प्रादुर्भवति नाङ्कुर ।
कर्म-बीजे तथादग्धे, न रोहति भवाङ्कुर ॥ १९

।—जिम प्रकार बीज जल जाने पर अ कुर उत्पन्न नही होता, वैसे
ही कर्म बीज के जल जाने पर भवाड्कुर नही उगता।

यस्यचित्तनिर्विषय, हृदय यस्य शीतलप ।
तस्य मित्र जगत्मर्व, तस्य मुक्ति करग्थिता ॥ २०

अथ—जिसका मन विपय विहीन ह एव हृदय शीतल ह उसका सारा
ससार मित्र है और मोक्ष उसके हाथ मे है ।

नाशाम्बरत्वे न सिताम्वरत्वे, न तर्कशास्त्रे न च तत्त्ववादे ।
न पक्ष सेवाश्रयणेन मुक्ति कपायमुक्ति किल मुक्तिरेव ॥ २१

अर्थ—दिगम्बरता अथवा श्वेताम्बरता मे मुक्ति नही है, न तर्क–
शास्त्र मे और न तत्त्ववाद मे है । अपने पक्ष सेवा के बल पर भी
मुक्ति नही मिलती, किन्तु कपाय–मुक्ति ही सच्ची मुक्ति है।

गतपङ्क यथा तुम्ब, जले यात्युपरि स्वयम् ।
क्षीण-कर्ममलो जीवस्तथा याति शिवालयम् २२

अर्थ—पकरहित तुम्बा जैसे स्वय जल के ऊपर आता ह, वैसे ही क्षीण -
कर्म–मल–जीव, मोक्ष को प्राप्त करता है ।

– मिथ्यात्व –

अदेवे देव बुद्धि र्या, गुरुधीरगुरौ च या ।
अधर्मे धर्मबुद्धिश्च, मिथ्यात्व तद्विपर्ययात् ॥ २३

अर्थ—अदेव मे देव बुद्धि तथा अगुरु मे गुरु बुद्धि और अधर्म मे धर्म
बुद्धि, यही बुद्धि–विपर्यय मिथ्यात्व कहाता है ।

शस्यानीवोषरे क्षेत्रे, निक्षिप्तानि कदाचन ।
न व्रतानि प्ररोहन्ति, जीवे मिथ्यात्व वासिते ।। २४

अर्थ—ऊसर क्षेत्र मे डाले गये बीज की तरह मिथ्यात्वी जीव मे किए गये व्रत नही उगते याने भव बधन काटने मे सफल नही होते ।

— अहिंसा —

यूपछित्वा पशून्हत्वा, कृत्वा रुधिरकर्दमम् ।
यद्येवगम्यते स्वर्गे, नरके केन गम्यते ।। २५

अथ—यूप को काट कर तथा पशुओ को मार कर, रक्त का कीचड बनाकर यदि इस प्रकार स्वर्ग जाया जाय तो नरक मे कौन जायेगा ?

— सच्चा-यज्ञ —

इन्द्रियाणि पशून्कृत्वा वेदी कृत्वा तपोमयीम् ।
अहिंसामाहुतिदद्यादेष यज्ञ सनातन ।। २६

अर्थ—इन्द्रियो को पशु बनाकर और तपोमयी वेदी रच कर, अहिंसा की आहुति देनी चाहिए, यही सनातन यज्ञ है ।

दीर्घमायु पररूपमारोग्य श्लाघनीयता ।
अहिंसाया फल सर्व, किमन्यत् कामदैवसा ।। २७

अर्थ—दीर्घायु, सुन्दर रुप, आरोग्य, श्लाघनीयता, ये सारे अहिंसा के फल है और क्या अहिंसा इच्छित फल देने वाली है ।

— मन —

क्षणमानन्दितामेति, क्षणमेति विपादिताम् ।
क्षण सौम्यत्वमायाति, मर्वस्मिन् नटवन्मन ।। २८

अर्थ—मन क्षण भर मे आनन्दित होता एव क्षणभर मे विपाद को प्राप्त करता तथा क्षण मे ही सौम्य होकर सर्वत्र नटकी तरह चचलता दिखाता है।

मनोयोगो वलीयाश्च, भाषितो भगवन्मते ।
य सप्तमी क्षणार्धेन, नयेद्वा मोक्षमेव च ।। २९

अर्थ—भगवान् के मत मे मनोयोग को ही वलवान् कहा गया है जो कि आधे क्षण मे सप्तम नरक लेजाता और क्षणार्ध मे मोक्ष पहु चा देता है ।

प्रसन्नचन्द्रराजर्षे मंन प्रसर-सवरौ ।
नरकस्य शिवस्यापि, हेतु भूतौ क्षणादपि ।। ३०

अर्थ—प्रसन्नचन्द्र राजर्पि का क्षण मे चचल और स्थिर होता हुआ मन ही नरक और शिव दोनो का कारण वना ।

आकारैरिङ्गितैर्गत्या, चेष्टया भाषणेन च ।
नेत्र-वक्त्र-विकारैश्च, लक्ष्यतेऽन्तर्गत मन ।। ३१

अर्थ—आकार, सकेत, गमन, चेष्टा, भापण, नेत्र, और मुख के चढाव उतार से मन के भीतर की वात जानी जाती है।

मन एव मनुष्याणा, कारण बन्ध मोक्षयो ।
वन्धाय विषयासक्त, मुक्त्यै निर्विषय स्मृतम् ।। ३२

अर्थ—मन ही मनुष्यो के वन्ध और मोक्ष का कारण है। जिनमे त्रिषयासक्त मन वन्ध के लिए और विषय रहित मन मोक्ष के के लिए है।

मानस प्राणिनामेव, सर्वकर्मैक-कारणम् ।
मनोरूप हि वाक्य च, वाक्येन प्रस्फुट मन ।। ३३

अर्थ—मनुष्यो के सभी कर्मों का कारण मन ही है। मन के अनुकूल ही वाक्य होता और वाक्य से ही मन प्रस्फुटित होता है।

दान पूजा तपश्चैव, तीर्थ-सेवा श्रुत तथा ।
सर्वमेव वृथा तस्य, यस्य शुद्ध न मानसम् ।। ३४

अर्थ—दान, पूजा तप, तीर्थ और श्रुत सेवा उस व्यक्ति के सभी व्यर्थ है, जिसका कि मन शुद्ध नही है।

श्रीब्रह्मदत्तो नरचक्रवर्ती, मृत्वा गत सोऽपिहि सप्तमी च ।
निर्गत्य तस्माद् भव-पङ्कमग्न, तत्रापिहेतु किल पातकस्य ।।३५

अर्थ—श्रीब्रह्मदत्त चक्रवर्ती मर कर वह सातवी नरक मे गए और वहा से निकल कर ससार के पक मे मग्न हुए । इसमे भी कारण मन मे पाप का उदय ही है।

– मन की शुद्धि –

ज्ञान तीर्थं धृतिरतीर्थं, पुण्य तीर्थमुदाहृतम् ।
तीर्थानामपि तत्तीर्थं, विशुद्धिर्मनस परा ।। ३६

अर्थ—ज्ञान तीर्थ है धैर्य तीर्थ है, और पुण्य को भी तीर्थ कहा है किन्तु मनकी विशुद्धि का सबसे बढ़कर तीर्थ माना गया है।

सत्येन शुध्यते वाणी, मनो ज्ञानेन शुध्यति ।
गुरुशुश्रूषया काय शुद्धिरेषा सनातनी ।। ३७

अर्थ—सत्य से वचन शुद्ध होता है और ज्ञान से मन शुद्ध एव गुरु की सेवा से शरीर शुद्ध होता है। वस्तुत यही सनातनी शुद्धि है।

— शान्त-मन —

पिता यस्य शुचिर्भूतो, माता यस्य पतिव्रता ।
ताभ्या य सुनुरुत्पन्नस्तस्य नोचलते मन ।। ३८

अर्थ—जिसका पिता पवित्र है मा पतिव्रता है, उन दोनो से उत्पन्न पुत्र का मन चचल नही होता।

— ब्रह्मचर्य —

नीरोग कान्ति सम्पन्न, सर्व दु ख विवर्जित ।
ब्रह्मचारी भवेल्लोके, पाप्मना च विवर्जित ।। ३९

अर्थ—इस लोक मे ब्रह्मचारी, रोगरहित, कान्तियुक्त, सभी दु खो से बाहर तथा पाप रहित होता है।

आयुस्तेजो वल वीर्यं, प्रज्ञा श्रीश्च महायशा ।
पुण्यञ्च प्रीतिमत्त्व च हन्यतेऽब्रह्मचर्यया ।। ४०

अर्थ—आयु, तेज, वल, वीर्य, बुद्धि, लक्ष्मी, महान्यश, पुण्य और प्रीति ये सभी अब्रह्मचर्य से नष्ट हो जाते हैं।

मरण बिन्दु पातेन, जीवन बिन्दु धारणात्।
तस्माद् यति प्रयत्नेन, कुरुते बिन्दु धारणम् ॥ ४१

अर्थ—एक बूद वीर्य के पतन से मृत्यु और उसी एक बूद के धारण से जीवन बनता ह। अत साधु प्रयत्न पूर्वक उस बूद को धारण किए रहता है।

— ब्रह्मचर्य के दूषण —

सुख शय्या सूक्ष्म वस्त्र, ताम्बूल स्नान्-मज्जन।
दन्तकाष्ठ सुगन्धञ्च, ब्रह्मचर्यस्य दूषणम् ॥ ४२

अर्थ—कोमल सुखद शय्या, महीन वस्त्र, पान, स्नान, आंखों-अञ्जन, दतधावन और सुगन्धि लगाना ये ब्रह्मचर्य के दूषण है।

— लोभ —

लोभश्चेदगुणेन किं पिशुनता, यद्यस्ति किं पातकै।
सत्य चेत्तपसा च किं शुचिमनो, यद्यस्ति तीर्थेन किम् ॥
सौजन्य यदि किं गुणैं सुमहिमा यद्यस्ति किं मण्डनै।
सद्‌विद्यायदि किं धनैरपयशो यद्यस्ति किं मृत्युना ॥ ४३

अर्थ—लोभ अगर हो तो अन्य दुर्गुण से क्या? और पिशुनता हो तो पापो से क्या? सत्य हो तो अन्य तप से क्या? मन पवित्र हो तो अन्य तीर्थ से क्या? सद् विद्या हो तो धन से क्या और अपयश हो तो मृत्यु से क्या? अर्थात् अपयश ही मृत्यु है।

— चौर्य —

चौर्य-कर्म-प्रभावेण, सत्यघोपो द्विजोत्तम।
दु ख हि परम प्राप्तो, पातक किमत परम् ॥ ४४

अर्थ—चौर्य कर्म के प्रभाव से द्विज श्रेष्ठ सत्यघोष ने परम दुःख को प्राप्त किया। इससे बढ़कर दूसरा पाप क्या हो सकता है ?

दौर्भाग्य प्रेष्यता दास्यमङ्गच्छेद दरिद्रताम् ।
अदत्तात्त फल ज्ञात्वा स्थूल-स्तेय विवर्जयेत् ॥ ४५

अर्थ—दुर्भाग्य, सेवकपन, दासता, अंग भग, और गरीबी ये सब अदत्त ग्रहण के फल हैं, ऐसा जानकर स्थूल चौर्य का वर्जन करना चाहिये ।

— भावी —

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातम् ,
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पकजश्री ॥
एव विचिन्तयति कोशगते द्वि-रेफे ।
हा हन्त हन्त नलिनी गज उज्जहार ॥ ४६

अर्थ—रात जाएगी और सुन्दर सवेरा आएगा, सूर्य उदय लेगा और कमल की शोभा खिलेगी, कमल के कोष मे बैठा भ्रमर इस तरह सोच रहा था कि हाय ! किसी हाथी ने आकर कमलिनी को उखाड कर खीच लिया । समय की गति को कोई नही जान सकता ।

— वचन —

निरवद्य वचो ब्रूहि, सावद्यवचनैर्यत
प्रयाता नरक घोर, वसुराजादयो द्रुतम् ॥ ४७

अर्थ—निष्पाप वचन बोलो, क्योकि सावद्य वचनो से, वसुराजा आदि शीघ्र घोर नरक मे चले गए ।

परस्परस्य मर्माणि, ये भापन्ते नराधमा ।
त एव विलय यान्ति, वल्मीकोदरसर्पवत् ।। ४८

अर्थ—जो नराधम आपस के गूढ रहस्य को वचनो से प्रकट करते है, वे वल्मीक उदरस्थ सर्प की तरह विलय–नाश को प्राप्त होते है ।

केयूरा न विभूषयन्ति पुरुष, हारा न चन्द्रोज्ज्वला।
न स्नान न विलेपन न कुसुम, नालकृतामूर्द्धजा ।
वाण्येका समलकरोति पुरुष, या सस्कृता धार्यते ।
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सतत. वाग्भूषण भूषणम् ।। ४९

अर्थ—पुरुष को केयूर विभूषित नही करता और न चन्द्र की तरह उजला हार ही । स्नान विलेपन नही, फूल और सवारे सिर के बाल भी भूषित नही करते, किन्तु एक वचन ही ऐसा है जो कि सस्कृत रूप से धारण किया गया शोभा बढाता है । निश्चय ही ससार के समस्त आभूषण सर्वदा क्षीण हो जाते—अत वाणी का भूषण ही सच्चा भूषण है ।

– हिंसा –

कुर्याद्वर्ष सहस्र तु, अहन्यहनि मज्जनम् ।
सागरेणापि कृत्स्नेन, वधको नैव शुध्यति ।। ५०

अर्थ—हजारो वर्ष तक प्रतिदिन समस्त सागर के जल से स्नान करता रहे, तब भी हिंसक उससे शुद्ध नही होता है ।

प्रमादेन यथा विद्या, कुशीलेन यथा धनम् ।
कपटेन यथा मैत्री, तथा धर्मो न हिंसया ।। ५१

अर्थ—प्रमाद से जैसे विद्या नही प्राप्त होती और कुशील से जैसे धन नही रहता, कपट से जैसे मैत्री नही टिकती, वैसे हिंसा से कभी धर्म नही होता ।

पङ्गु-कुष्ठि-कुणित्वादि, दृष्ट्वा हिंसा-फल सुधी ।
निरागस्त्रस-जन्तूना, हिंसा संकल्पतस्त्यजेत् ॥ ५२

अर्थ—अपंग, कोढी और विकलांग रूप आदि हिंसा-फल को देखकर विद्वज्जन निरपराधी त्रस जीवो की हिंसा को संकल्प पूर्वक परित्याग करदे ।

— यज्ञ —

नाहं स्वर्ग-फलोपभोग-तृषितो, नाभ्यर्थितस्त्वं मया ।
संतुष्टस्तृण-भक्षणेन सतत, साधो ! न युक्त तव ॥
स्वर्गे यान्ति यदित्वया विनिहता यज्ञे ध्रुवं प्राणिनो ।
यज्ञं किन करोषि मातृपितृभिः पुत्रैस्तथा बान्धवैः ॥ ५३

अर्थ—मैं स्वर्ग फल के भोग की तृष्णा नही रखता और न मैंने कभी इसके लिए तुमसे कोई प्रार्थना ही की । मैं घास खाकर सदा सन्तुष्ट रहता हूँ — इसलिए हे याजक ! तुम्हारी यह स्वर्ग काम हिंसा उचित नही है । अगर तुम्हारे द्वारायज्ञ मे मारे जाने वाले प्राणी निश्चय ही स्वर्ग जाते हैं तो तुम अपने माता, पिता, पुत्र और बान्धवो से यज्ञ क्यो नही करते हो ?

— सत्य —

सत्यमेव जयते नानृत, सत्यमेव पन्था विततो देवयान ।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा, यत्र तत्सत्यस्य परम निधान ॥५४

अर्थ—सत्य की ही जीत होती ह, असत्य की नही। देवो का भ्रमण मार्ग भी सत्य से ही विस्तृत है। पूर्ण काम ऋषि जन सत्य द्वारा ही उस पद को प्राप्त होते है, जहा कि सत्य का वह परम निधान विद्यमान है।

मूकता मति-वैकल्य मूर्खता बोध-विच्युति ।
वाधिर्य मुखरोगित्व मसत्यादेवदेहिनाम् ।। ५५

अर्थ—गू गापन, बुद्धि की कमी, मूर्खता, ज्ञान का अभाव, बधिरता और मुखरोग ये सब जीवो को असत्य भाषण से ही होते हैं।

प्रसन्नोन्नत वृत्ताना, गुणानाचन्द्र-रोचिषाम् ।
सघात घातयत्येव, सकृदप्युदित मृषा ।। ५६

अर्थ—एक वार भी बोला हुआ असत्य वचन चन्द्र किरण के समान निर्मल और उदात्त गुण समूह को नष्ट कर देता है।

– धर्म –

न तत्परस्य सदध्यात्, प्रतिकूल यदात्मन ।
एष स ेपतो धर्म कामादन्य प्रवर्तते। ५७ 'महाभारत'

अर्थ—जो अपने लिए प्रतिकूल प्रतीत हो, वैसा दु खदायक व्यवहार दूसरो के साथ न करे, यही सक्षेप मे धर्म का सार है। अन्य व्यवहार स्वार्थ मूलक हैं।

धर्म यो बाधते धर्मो, न सधर्म कुधर्मक ।
अविरोधात्तु यो धर्म, स धर्म सत्य विक्रम । ५८ "

अर्थ—जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक हो, वह धर्म नही कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है, जो किसी दूसरे धर्म का विरोधी न हो।

सर्वेषा य सुहुन्नित्य, सर्वेषा च हितेरत ।
कर्मणा मनसा वाचा, सधर्म वेद जाजले ॥ ५९

अर्थ—जो मन वचन कर्म से सबके हित मे तत्पर–लगा है, तथा जो सबका नित्य–स्नेही है, हे जाजलि ! वही धर्म को जानता है ।

अकृत्य नैव कर्तव्य, प्राणत्यागेऽपि सस्थिते ।
न च कृत्य परित्याज्यमेष धर्म सनातन ॥ ६०

अर्थ—प्राणो का सशय उपस्थित होने पर भी, अनुचित कर्म नही करना चाहिए और न उचित कर्म का त्याग ही, यही सनातन–धर्म है ।

अहिसा सत्यमस्तेय शौचमिन्द्रिय-निग्रह ।
एत सामासिक धर्म, चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनु ॥ ६१

अर्थ—हिंसा न करना, सत्य बोलना, चोरी न करना, पवित्र रहना, और इन्द्रिय का सयम करना, मनु ने सक्षेप मे चारो वर्ण का यह सम्मिलित धर्म बतलाया है ।

— सत्सग —

निधान सर्व-रत्नाना, हेतु कल्याण-सपदाम् ।
सर्वस्या-उन्नते मूल, महता सङ्ग उच्यते ॥ ६२

अर्थ—महान् पुरुषो का सग, सभी रत्नो का आश्रय, कल्याणप्रद सम्पत्ति का कारण और सारी उन्नति का मूल माना गया है ।

महानुभाव-ससर्ग, कस्य नोन्नतिकारक ।
रथ्याम्बु जाह्नवी सगात् त्रिदशैरपि वन्द्यते ॥ ६३

अथ—बडो का सग किसकी उन्नति नही करता ? नालियो का गदा जल भी गगा के सम्पर्क से देवो के द्वारा पूजा जाना है ।

पश्य सत्सङ्गमाहात्म्य, स्पर्श पाषाण योगत ।
लोहञ्च जायते स्वर्ण, योगात्काचो मणीयते ।। ६४

अर्थ—सत्सग का माहात्म्य देखें कि पारस पत्थर के योग से लोहा भी सोना बन जाता है । और उसी के योग से काच मणि की तरह दिखाई देने लगता है ।

मलायाचल गन्धेन, त्विन्धनञ्चन्दनायते ।
तथा सज्जन-सङ्गेन, दुर्जन सज्जनायते ।। ६५

अर्थ—मलयाचल के सुगन्धि योग मे जलावन की लकडी भी चन्दन की तरह सुगन्धित बन जाती है । वैसे सज्जनो के सग से, दुर्जन भी सज्जन बन जाते है ।

तुलयामो लवेनाऽपि न स्वर्ग नापुनर्भवम् ।
भगवत्सङ्गिसङ्गस्य, मर्त्याना किमुताशिष ।। ६६

अर्थ—यदि प्रभु मे अनुरक्त रहने वाले सतो का क्षण भर भी सग प्राप्त हो तो उससे स्वर्ग और मोक्ष तक की तुलना नही कर सकते । फिर मनुष्यो के अन्य अभिलषित पदार्थो की तो बात ही क्या ?

भाग्योदयेन बहु जन्म समार्जितेन,
सत्सङ्गमेवलभते पुरुषो यदावै ।
अज्ञान हेतु-कृत-मोह मदान्धकार,
नाश विधाय हि तदोदयते विवेक ।। ६७

अर्थ—अनेक जन्म के पुण्य - समूह से भाग्योदय होने पर जब पुरुष को सत्संग की प्राप्ति होती है, तभी अज्ञान कृत मोह और मदरूपी अन्धकार का नाश होकर विवेक उदित होता है।

– अविचारित–कर्म –

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक परमापदा पदम्।
वृणुते हि विमृश्यकारिण, गुण लुब्धा स्वयमेव सम्पद ९८
'भारवि

अर्थ—विना विचारे कोई काम सहसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि अविवेक–अविचार बडी आपत्तियो का स्थान है। और सोच विचार कर काम करने वालो के पास गुण-मुग्ध होकर सम्पत्तिया स्वय जाती है।

उचितमनुचित वा कुर्वता कार्य जात,
परिणतिरवधार्या यत्नत पण्डितेन।
अति-रभसकृताना कर्मणामाविपत्ते,
र्भवति हृदय दाही शल्यतुल्यो विपाक ॥ ९९

अर्थ—कार्य के उचित अनुचित परिणाम पर पहले विचार कर बुद्धि–मान को तब कार्यारम्भ करना चाहिए। विना विचारे हुए कार्य का परिणाम शूल की तरह पीडा दायक होता है।

कणक-भूषण-सग्रहणोचितो, यदि मणिस्त्रपुणि प्रतिबध्यते।
न स विरौति न चापि स शोभते, भवति योजयितु र्वचनीयता॥७०

अर्थ—स्वर्णाभूषण मे लगाने योग्य मणि यदि निकृष्ट धातु सीसे मे लगायी जाय तो वह मणि न तो रोती है और न सुशोभित होती है, किन्तु इससे जडने वाले की ही निन्दा होती है।

– विचारित कर्म –

सुहृद्भिराप्तै रसकृद्विचारित,
स्वयच बुद्ध्याप्रविचारिताश्रयम् ।
करोतिकार्य खलु य स बुद्धिमान्,
स एव लक्ष्म्या यशसा च भाजनम् ॥ ७१

अर्थ—जो विश्वस्त मित्रो के द्वारा बार बार विचार किए गए एव अपनी बुद्धि के अनुसार सावधानी पूर्वक सोचे हुए कार्य को करता है, वह बुद्धिमान है, और वही ऐश्वर्य तथा कीर्ति का भागी होता है।

य पृष्ट्वा कुरुते कार्य, प्रष्टव्यान्, स्वहितान् गुरून् ।
न तस्य जायते विघ्न , कस्मिञ्चिदपि कर्मणि ॥ ७२

अर्थ—जो मनुष्य अपने हितकारी, पूछने योग्य पुरुषो एव गुरु से पूछ कर कार्य करता है, उसको किसी भी कार्य मे विघ्न उपस्थित नही होता ।

क काल कानि मित्राणि, को देश कौ व्ययागमौ ।
कश्चाह का च मे शक्तिरितिचिन्त्य मुहुर्मुहु ॥ ७३

अर्थ—कैसा समय है ? कौन मित्र है ? कैसा देश है, आय-व्यय क्या है ? मै कौन हूँ और मेरी शक्ति कितनी है ? मनुष्य को हरक्षण इस पर विचार करते रहना चाहिए ।

परीक्ष्यैव तु कर्तव्य, प्रथम क्रियते तु यत् ।
पीत्वा जल पुन पृच्छा, गेहस्येति न साम्प्रतम् ॥ ७४

— सज्जन की भावना —

सपत्सु महता चित्त, भवत्युत्पल-कोमलम् ।
आपत्सु च महाशैल,-शिला-सघात कर्कशम् ॥ ८३

अर्थ—सम्पति की दशा मे बडो का हृदय कमल की तरह कोमल होता है, और विपत्तियो मे पत्थर की चोट खाए हुए महाशैल की तरह कठोर ।

स्वभाव न जहात्येव, साधु-रापद्‌गतोऽपि सन् ।
कर्पूर पावक स्पृष्ट, सौरभ लभतेतराम् ॥ ८४

अर्थ—विपत्ति मे पड कर भी साधु जन अपना स्वभाव नही छोडते । कपूर आग मे पडने पर भी अत्यधिक सुगन्ध फैलाता है ।

— नश्वरता —

आघ्रात मरणेन जन्म-जरया, विद्युच्चल यौवनम् ।
सतोपो धन-लिप्सया शम-सुख प्रौढाङ्गना-विभ्रमै ॥
लोकै र्मत्सरिभि र्गुणा वन भुवो व्यालै र्नृपा दुर्जनै ।
अस्थैर्येण विभूतिरप्यपहृता ग्रस्त न किं केन वा ॥ ८५

अर्थ—इस ससार मे मृत्यु ने जन्म को, बुढापा ने चचल तरुणाई को, धनेच्छा ने सतोष को, प्रौढानारी के हाव भाव ने शान्ति सुख को, मत्सरिओ ने गुण को, सर्पो ने वन भूमि को, दुजनो ने राजा को और चचलता ने विभूति को ग्रमलिया ह । यहा इस तरह कौन किससे ग्रस्त नही होता है ?

अनित्यानि शरीराणि, विभवो नैव शाश्वत ।
नित्य सन्निहितो मृत्यु कर्तव्यो धर्म-सग्रह ॥ ८६

अर्थ—शरीर नश्वर है धन भी चिरस्थायी नही है। मृत्यु हर समय सिर पर खडी है, अत धर्म सचय करना चाहिए।

— सज्जन —

तृष्णा छिन्धि भज क्षमा, जहि मद पापेरति माकृथा,
सत्य ब्रूह् यनुयाहि साधु पदवी, सेवस्व विद्वज्जनम्।
मान्यान् मानय विद्विषोऽप्यनुनय प्रख्यापय स्वान् गुणान्,
कीर्ति पालय दु खिते कुरु दयामेतत् सता लक्षणम्॥ ८७

अर्थ—तृष्णा को छेदन करना क्षमाशील होना, मद को छोडना, पाप मे प्रीति नही करना, सत्य बोलना, साधुना का अनुसरण करना विद्वानो की सेवा करना, मान्यजनो का मान करना, शत्रुओ को भी प्रसन्न रखना अपने गुणो को फैलाना कीर्ति का पालन करना और दु खी जनो पर दया करना, यही सज्जनता की पहचान है।

— एकाकिता निषेध —

एक स्वादु न भुञ्जीत नैक सुप्तेषु जागृयात्।
एको न गच्छेदध्वान, नैकश्चार्थान् प्रचिन्तयेत्॥ ८८

अर्थ—स्वादिष्ट पदार्थ अकेले नही खाना, सबके सोने पर अकेले नही जागना, अकेले मार्ग मे नही चलना तथा अकेले मे गभीर विषय का चिन्तन नही करना चाहिए।

— ईश्वर पूजन —

येन केन प्रकारेण, यस्य कस्यापिदेहिन।
सतोष जनयेत्प्राज्ञस्तदेवेश्वर-पूजनम्। ८९

अर्थ—जिस किसी प्रकार से जिस किसी प्राणी को, विद्वान् सतोष उत्पन्न करे वस्तुत यही सच्ची ईश्वर पूजा है

तप्यन्ते लोक तापेन साधव प्रायशोजना ।
परमाराधन तद्धि, पुरुपस्याखिलात्मन ॥ ६०

अर्थ—साधु जन प्राय ससार के ताप से सतप्त होते है । यही अखिलात्मा भगवान् की उत्कृष्ट आराधना है ।

— एकाकिना —

एक प्रसूयते जन्तुरेक एव प्रलीयते ।
एकोऽनुभुड्क्ते सुकृतमेक एव च दुष्कृतम् ॥ ६१

अर्थ—प्राणी अकेला ही उत्पन्न होता और अकेलाही मरता है। एव अकेला ही अपने पुण्य और पाप के फलो को भोगता है ।

— मान का महत्व —

तावदाश्रीयते लक्ष्म्या तावदस्य स्थिरयश ।
पुरुषस्तावदेवासौ, यावन्मानान्न हीयते ॥ ६२

अर्थ—लक्ष्मी तभी तक उस व्यक्ति के पास रहती है तभी तक उसका यश स्थिर रहता है एव तभी तक उसकी गणना पुरुषो मे होती है जब तक कि पुरुष का मान–महत्व नष्ट नही होता ।

— महात्मा —

वदन प्रसाद-सदन सदय हृदय सुधामुचोवाच ।
करण परोपकरण, येषा केषा न ते वन्द्या ६३

अर्थ—जिनका मुख प्रसन्नता का घर है, जिनके हृदय मे दयालुता है, जिनकी वाणी अमृत-वर्षिणी है और जो परोपकार परायण है ऐसे पुरुष किसके वन्दनीय नही होते ? अर्थात् सबके है।

न हायनैर्न पलितै र्न वित्तेन न बन्धुभि ।
ऋपयश्चक्रिरे धर्म, योऽनूचान स नो महान् ॥ ६४ मनु

अर्थ—न वर्षो की अधिकता से, न सफेद बालो से, न धन से और न बन्धुबान्धवो से किसी का महत्व होता है। ऋषियो ने इस धर्म को बतलाया कि हममे जो विद्वान् है, वही बडा है।

– पाप-मुक्ति –

ख्यापनेनानुतापेन तपसाध्ययनेनच ।
पाप-कृन्मुच्यते पापात्तथा दानेन चापदि ॥ ६५ मनु

अर्थ—अपने पाप को प्रकट कर देने से, पश्चात्ताप से, तप से, अध्ययन से और विपत्तिग्रस्त जनो को दान देने से, पापी पाप से छूट जाता है। अर्थात ये प्रायश्चित्त है।

– सिद्धि प्राप्ति –

यशोऽधिगन्तु सुख लिप्सयावा मनुष्यसख्यामतिवर्तितु वा ।
निरुत्सुकानामभियोग-भाजा, समुत्सुकेवाङ्कमुपैति सिद्धि । ६६

अर्थ—यश की प्राप्ति के लिए सुख-लाभ की इच्छा से या जन साधारण की गणना मे आगे आने को आतुर न होकर, दृढनिश्चय के साथ प्रयत्न करने वालो के पास सफलता स्वय उत्सुकतापूर्वक उपस्थित होती है।

– निषिद्ध–कर्म –

यत् कृत्वा न भवेत्धर्मो, न कीर्ति र्न यशोध्रुवम् ।
शरीरस्य भवेत् खेद, कस्तत्कर्म समाचरेत् ॥ ६७

अर्थ—जो काम करने से न धर्म होता हो, न कीर्ति और न स्थायी यश प्राप्त हो उल्टे शरीर को कष्ट मिले, ऐसा काम कौन धीमान् करे ? अर्थात कोई नही ।

अयश प्राप्यते येन, येन चापगतिर्भवेत् ।
स्वर्गाच्च भ्रश्यते येन, तत्कर्म न समाचरेत् ॥ ६८

अर्थ—जिससे अपयश मिले, दुर्गति हो और स्वर्ग से च्युत होना पड़ ऐसा काम नही करना चाहिए ।

– चिन्ता –

सतापाद् भ्रश्यतेरूप, सतापाद् भ्रश्यते बलम् ।
सतापाद् भ्रश्यते ज्ञान, सतापाद् व्याधिमृच्छति । ६९

अर्थ—सताप (चिन्ता) से रूप नष्ट होता, सताप से वल होता, सताप से ज्ञान विनष्ट हो ौर सताप से बढती हे ।

कुग्राम वास, कुजनस्य सेवा, कुभोज
मूर्खश्च पुत्रो विधवा च कन्या, विना

अर्थ—छोटे ग्राम मे वास, नीच जनो की सेवा, तमोगुणी खराब भोजन, क्रोधमुखी पत्नी, मूर्ख पुत्र और विधवा कन्या ये पाच विना अग्नि के शरीर को जलाते है।

चिन्तनेनैधते चिन्ता, त्विन्धनेनेव पावक ।
नश्यत्यचिन्तनेनैव, विनेन्धनमिवानिल ।। १०१

अर्थ—इन्धन से आग की तरह चिन्ता चिन्तन करने से बढती है, चिन्तन नही करने से चिन्ता वैसे ही नष्ट हो जाती है, जैसे विना इन्धन की अग्नि।

– पौरुष –

न तदस्ति पृथिव्या वा, दिविदेवेषु वा क्वचित् ।
पौरुषेण प्रयत्नेन, यन्नाप्नोति गुणान्वित ।। १०२

अर्थ—पृथ्वी, आकाश या देवलोक मे कही भी ऐसी वस्तु नही है, जिसे गुणवान् मनुष्य अपने प्रयत्न से प्राप्त नही कर सकता हो ?

– सत्कर्म –

द्वे कर्मणी नर कुर्वन्नस्मिल्लोके विरोचते ।
अब्रुवन्परुष किञ्चि,-दसतोऽनर्चयस्तथा ।। १०३

अर्थ—किसी के प्रति कठोर वचन नही बोलना और असत् पुरुषो का आदर नही करना, इन दो बातो से मनुष्य इस लोक मे शोभा को प्राप्त होता है।

– निषिद्ध-कर्म –

यत् कृत्वा न भवेत्धर्मो, न कीर्ति र्न यशोध्रुवम् ।
शरीरस्य भवेत् खेद , कस्तत्कर्म समाचरेत् ॥ ९७

अर्थ—जो काम करने से न धर्म होता हो, न कीर्ति और न स्थायी यश प्राप्त हो उल्टे शरीर को कष्ट मिले, ऐसा काम कौन धीमान् करे ? अर्थात कोई नही ।

अयश प्राप्यते येन, येन चापगतिर्भवेत् ।
स्वर्गाच्च भ्रश्यते येन, तत्कर्म न समाचरेत् ॥ ९८

अर्थ—जिससे अपयश मिले, दुर्गति हो और स्वर्ग मे च्युत होना पड ऐसा काम नही करना चाहिए ।

– चिन्ता –

सतापाद् भ्रश्यतेरूप, सतापाद् भ्रश्यते बलम् ।
सतापाद् भ्रश्यते ज्ञान, सतापाद् व्याधिमृच्छति । ९९

अर्थ—सताप (चिन्ता) से रूप नष्ट होता, सताप से बल क्षीण होता, सताप से ज्ञान विनष्ट होता और सताप से व्याधि वढती है ।

कुग्राम वास , कुजनस्य सेवा, कुभोजन क्रोधमुखी च भार्या,
मूर्खश्च पुत्रो विधवा च कन्या, विनाग्निना पञ्चदहन्तिकायम् ।
१००

अर्थ—छोटे ग्राम मे वास, नीच जनो की सेवा, तमोगुणी खराब भोजन, क्रोधमुखी पत्नी, मूर्ख पुत्र और विधवा कन्या ये पाच विना अग्नि के शरीर को जलाते है।

चिन्तनेनैधते चिन्ता, त्विन्धनेनेव पावक ।
नश्यत्यचिन्तनेनैव, विनेन्धनमिवानिल ॥ १०१

अर्थ—इन्धन से आग की तरह चिन्ता चिन्तन करने से बढती है, चिन्तन नही करने से चिन्ता वैसे ही नष्ट हो जाती है, जैसे विना इन्धन की अग्नि।

– पौरुष –

न तदस्ति पृथिव्या वा, दिविदेवेषु वा क्वचित् ।
पौरुषेण प्रयत्नेन, यन्नाप्नोति गुणान्वित ॥ १०२

अर्थ—पृथ्वी, आकाश या देवलोक मे कही भी ऐसी वस्तु नही है, जिसे गुणवान् मनुष्य अपने प्रयत्न से प्राप्त नही कर सकता हो ?

– सत्कर्म –

द्वे कर्मणी नर कुर्वन्नस्मिल्लोके विरोचते ।
अब्रुवन्परुष किञ्चि,-दसतोऽनर्चयस्तथा ॥ १०३

अर्थ—किसी के प्रति कठोर वचन नही बोलना और असत् पुरुषो का आदर नही करना, इन दो बातो से मनुष्य इस लोक मे शोभा को प्राप्त होता है।

– सुभाषित –

ससार विप वृक्षस्य, द्वे फले ह्यमृतोपमे ।
सुभाषित-रसास्वाद, सगति सुजनं सह ॥ १०४

अर्थ—ससार रूपी विष-वृक्ष के दो फल-अमृत के समान हैं एक सुभाषित का रसास्वाद और दूसरा सज्जनो की सगति ।

द्राक्षा म्लानमुखी जाता, शर्करा चाश्मता गता
सुभाषित-रसस्याग्रे, सुधाभीता दिवगता ॥ १०५

अर्थ—सुभाषित रस के आगे द्राक्षा मलिन हो गई शक्कर पत्थर तुल्य बन गई और सुधा डर कर स्वर्ग चली गई ।

– आत्म-प्रशसा –

परस्तुत-गुणोयस्तु निर्गुणोऽपि गुणीभवेत् ।
इन्द्रोऽपि लघुता याति स्वय प्रख्यापितैर्गुणैः ॥ १०६ चाणक्य

अर्थ—निर्गुण व्यक्ति भी दूसरो के द्वारा प्रशसा पाने से गुणी मान जाता है । अपने मुँह से अपनी तारीफ करने – गुणगाने से इन्द्र भी लघुता को प्राप्त होता है ।

– पुरुष परीक्षा –

यथा चतुर्भि कनक परीक्ष्यते, निघर्षणच्छेदन-ताप-ताडनैः,
तथा चतुर्भि पुरुष परीक्ष्यते, ज्ञानेन शीलेन गुणेन कर्मणा । १०७

अर्थ—जैसे घर्षण, छेदन, ताप और चोट इन चार प्रकारो से स्वर्ण की परीक्षा होती है, वैसे ही ज्ञान, शील, गुण और कर्म इन चार प्रकारो से पुरुष की परीक्षा होती है

– आत्म ज्ञानी –

मित भुक्ते सविभाज्याश्रितेभ्यो, मितस्वपित्यमित कर्मकृत्वा ।
ददात्यमित्रे ष्वपि याचित मन्, तमात्मवन्त प्रजहत्यनर्थाः ॥१०८

अर्थ—जो अपने आश्रितो मे बाटकर परिमित थोडा खाता है अधिक काम करके थोडा आराम करता है और मागने पर शत्रु को भी दान देता है, उस आत्मवान पुरुष को अनर्थ सर्वथा छोड देता है ।

– तेज हीन

यो विषाद प्रसहते, विक्रमे समुपस्थिते ।
तेजसा तस्य हीनस्य, पुरुषार्थो न सिद्धयति ॥ १०९

अर्थ—जो पराक्रम के अवसर पर विषादग्रस्त हो जाता है, उस तेज-हीन पुरुष का कोई पुरुषार्थ सिद्ध नही हो पाता ।

– विजय का मूल –

न तथा बल-वीर्याभ्या, जयन्ति विजिगीषव ।
यथा सत्यानृशसाभ्या धर्मेणैवोद्यमेन च ॥ ११० महाभारत

अर्थ—विजयाभिलाषी बल और वीर्य से उतनी विजय नही प्राप्त कर सकते, जैसे कि सत्य, उदारता, धर्म और उद्यम से प्राप्त करते है ।

– त्याग –

आश्वास्य पर्वतकुल तपनोष्मतप्त,
दुर्दाहवह्निविधुराणि च काननानि ।
नाना नदी नद शतानि च पूरयित्वा,
रिक्तोऽसि यज्जलद सैव तवोत्तमा श्री । १११

अर्थ—पर्वत कुल को आश्वस्त करके, दावाग्नि एव दहकते सूर्य की ज्वाला से दहकती वन भूमि को शान्त करके नाना नदी नद को जल पूरित करके हे मेघ! जो तुम खाली हो गए हो, यही तुम्हारी शोभा है। अपने को सबके मगल हेतु लुटा देना ही सबसे बडी सम्पत्ति है।

— पण्डित —

नष्ट मृतमतिक्रान्त, नानुशोचन्ति पण्डिता ।
पण्डिताना च मूर्खाणा, विशेषोऽय यत स्मृत । ११२

अर्थ—जो वस्तु नष्ट हो गई, जो मर गया और जो बात बीत चुकी, इनके लिए पण्डित जन शोक नही करते। विद्वानो और मूर्खो मे यही विशेषता होती है।

वैद्य पानरत नट कुपठित स्वाध्याय हीन द्विज,
योध कापुरुष हय गतरय मूर्ख परिव्राजकम्।
राजान च कुमन्त्रिभि परिवृत देशच सोपद्रव,
भार्या यौवन गर्विता पररता मुञ्चन्ति ते पण्डिता ।। ११३

अर्थ—जो मदिरा पायी वैद्य को, खराब पढे नट को, स्वाध्यायहीन ब्राह्मण को, कायर सैनिक को, गतिहीन अश्व को, मूर्ख सन्यासी को, खराब मन्त्रियो मे सेवित राजा को, उपद्रव युक्त देश को और यौवन गर्विता तथा दूसरे मे आसक्त-पत्नी को छोड देते है, वे पण्डित है।

— कर्म —

कर्मणा बाध्यते बुद्धि, न बुद्ध्या कर्म बाध्यते ।
सुबुद्धिरपि यो रामो, हैम हरिणमन्वगात् ।। ११४

अर्थ—कर्म से बुद्धि बाधित होती है, किन्तु बुद्धि से भाग्य बाधित नही होता, जैसे कि उत्तम बुद्धि वाले भी राम स्वर्ण मृग के पीछे दौड गए।

धनानिभूमौ पशवश्च गोष्ठे, भार्या गृहद्वारि जन श्मशाने।
देहश्चिताया परलोक मार्गे, कर्मानुगो गच्छति जीव एक ॥ ११५

अर्थ—धन भूमि मे, पशु गोष्ठ मे, पत्नी घर के दरवाजे तक, प्रियजन श्मशान तक और देह चिता तक ही रह जाते है। आगे परलोक मार्ग मे जीव अकेला ही कर्मानुसार जाता है। अर्थात् अच्छे बुरे कर्म साथ लिये जाता है।

सत्यानुसारिणी लक्ष्मी, कीर्तिस्त्यागानुसारिणी।
अभ्यास-सारिणी विद्या, बुद्धि कर्मानुसारिणी ॥ ११६

अर्थ—लक्ष्मी सत्य के अनुसार मिलती और कीर्ति त्याग के अनुकूल, विद्या अभ्यासानुकूल और बुद्धि कर्म के अनुसार मिलती है।

वैद्या वदन्ति कफपित्त-मरुद् विकारान्,
ज्योतिर्विदो ग्रहकृत प्रवदन्ति दोषम्।
भूताभिषङ्ग इति भूतविदो वदन्ति,
प्राचीन कर्मबलवन्मुनयो वदन्ति ॥ ११७

अर्थ—मनुष्यो की कष्ट युक्त दशा को देख कर वैद्यजन कहते हैं कि कफ, पित्त और वायु का विकार है। ज्योतिषी को पूछा जाता है तो वे ग्रह कृत दोष बताते है। भूतविद्या के जानकार भूतो का सग कहते, किन्तु मुनिजन कहते, हैं कि प्राक्तन् कर्म बलवान है—उसी का दोष है।

नैवाकृति फलति नैव कुल न शोलम्,
विद्यापि नैव न च जन्मकृतापि नेवा ।
कर्माणिपूर्व-तपसा किल सचितानि,
काने फलन्ति पुरुशस्य यथेह वृक्षा ॥ ११८

अर्थ—मनुष्य का आकार नही फल देता और न कुल शील ही फलता है। विद्या भी नही और जन्म भर की गई सेवा भी नही फलती। किन्तु पूर्व तप से सचित कर्म ही पुरुषो के समय पर यहा फल देते है जैसे वृक्ष ॥

आपदर्थे धन रक्षेद्भाग्यभाजा कुतापद ।
कदाचित्कुपितो देव सचितोऽपि विनश्यति ॥ ११९ भोजप्रबन्ध

अर्थ—विपत्ति के लिए धन को बचाना चाहिए । किन्तु भाग्यशाली को आपत्ति कहा ? अगर कही दैव-भाग्य रूठ गया तो युग युग की सचित लक्ष्मी भी एक साथ विनष्ट हो जाती है।

खल्वाटो दिवसेश्वरस्य किरणै सतापितो मस्तके ।
वाञ्छन्देशमनातप विधिवशात्तालस्य मूल गत ॥
तत्राप्यस्य महाफलेन पतता भग्न सशब्द शिर ।
प्रायो गच्छति यत्र भाग्यरहितस्तत्रैव यात्यापद ॥ १२०

अर्थ—कोई खल्वाट- गजा व्यक्ति सूर्य की किरणो से माथा तपने से, आतपरहित स्थान को चाहते हुए सयोगवश ताल वृक्ष के नीचे पहुच गया। वहा भी उसके माथे पर ताल का महा फल गिरा जिससे जोर की आवाज के सग उसका सिर फूट गया। इस तरह जहा भी भाग्यहीन व्यक्ति जाता है, वही पर आपत्तिया पहुच जाती है।

याद्दग क्रियते कर्म ताद्दग भुज्यते फलम्।
याद्दशमुप्यते बीज, ताद्दग प्राप्यते फलम्॥ १२१

अर्थ—जैसा कर्म करने है, वैमा ही फल भोगा जाता है। जैसा बीज वोन है, वैसा ही फल मिलता है।

स्वयकृतकर्म यदात्मनापुरा, फलतदीय लभते शुभाशुभम्।
परेण दत्त यदि लभ्यते स्फुट, स्वयकृत कर्म निरर्थक तदा। १२२

अर्थ—अपने आत्मा ने पहले जो कर्म स्वय किया है, उसी का शुभ अशुभ फल प्राप्त करता है। अगर दूसरे का दिया फल मिलना हो ता स्वयकृत कर्म स्पष्ट ही निरर्थक हो जाए गे।

— कम प्रशसा —

व्रजत्यध प्रयात्युच्चैर्नर स्वैरेव चेष्टित।
अध कूपस्य खनक, ऊर्ध्व प्रासादकारक। १२३

अर्थ—मनुष्य अपनी ही चेष्टाओ से नीचे और ऊपर जाता है। कूए को खोदने वाला नीचे की ओर उतरता तथा महल बनाने वाला ऊपर की ओर चढता है।

— सफल-जीवन —

यस्मिन् श्रुतिपथ प्राप्ते, दृष्टे स्मृतिमुपागते।
आनन्द यान्ति भूतानि, जीवित तस्यशोभते॥ १२४ योगवाशिष्ठ

अर्थ—जिसके नाम कर्णगोचर होने पर, जिसको देखकर और जिसका स्मरण कर समस्त जीवो को आनन्द होता है, उसी का जीवन सफल एव शोभायुक्त है।

— बड़प्पन —

तृणानि नोन्मूलयतिप्रभञ्जनो, मृदूनि नीचैं प्रणितानिसर्वत ।
स्वभाव एवोन्नत-चेतसामय, महान् महत्स्वेव करोति विक्रमम् ।
१२५

अर्थ—पवन, कोमल और छोटे तथा सब तरह से झुके हुए तृणों को नहीं उखेडता। श्रेष्ठ हृदय का यह स्वभाव है कि बड़े लोग बडो पर ही बल दिखाते है।

— असमय की बात —

मञ्जुलापि न वाग्भाति, प्रोक्तानवसरे जनै ।
शृंगार शोभते नैव, समरे भूरि वर्णित, । १२६

अर्थ—असमय की सुन्दर बात अच्छी नही लगती। जैसे युद्ध मे शृंगार का अतिशय वर्णन शोभा नही देता।

अप्राप्तकाल वचन, वृहस्पतिरपिब्रुवन्
लभतेऽनल्पमज्ञानमपमान च पुष्कलम् ।।

अर्थ—असमय की बात को यदि वृहस्पति भी कहते हो तो वे भी अत्यन्त निरादर और अपमान को पाते हैं।

— हितवचन —

प्रिय वा यदि वा द्वेष्य, शुभ वा यदि वाशुभम्।
अपृष्टोऽपि हित ब्रूयाद्यस्य नेच्छेत् पराभवम् ।।

अर्थ—जिसकी पराजय न चाहते हो, उसके लिए प्रिय या अप्रिय अच्छी या बुरी हितकारी बात बिना पूछे भी कह देनी चाहिए।

– अवसर –

अरसापि हि वाग्भाति, प्रोक्तावसर एव हि ।
सर्व-चित्त-प्रमोदाय, गालि-दान करग्रहे ॥ १२८

अर्थ—समय पर कही जाने वाली नीरसवाणी भी अच्छी लगती है। जैसे विवाह काल मे बोली गई गाली भी सबके हृदय मे प्रमोद के लिए होती है ।

कटुक वा मधुर वा, प्रस्तुत-वाक्य मनोहारि ।
वामे गर्दभनादश्चित्त-प्रीत्यं प्रयाणेषु । १२९

अर्थ—चाहे कटु या मधुर क्यो न हो, प्रसग पर बोला गया वाक्य मनोहर होता है । यात्रा के समय मे वामभाग म गदहे का बोलना मन की प्रसन्नता के लिए होता है ।

वनानि दहतो वह्नेः, सखा भवति मारुत ।
स एव दीप नाशाय, कृशे कस्यापि सौहृदम् ॥ १३०

अर्थ—वनो को जलाने वाली अग्नि को पवन मित्र बन जाता है और वही पवन दीप के बुझाने का कारण भी बनता है । इससे सिद्ध है कि दुर्बल मे कोई भी मैत्री नही रखता ।

– वाणी-प्रहार –

रोहते सायकैर्विद्ध छिन्न रोहति चासिना ।
वचो दुरुक्त बीभत्स, न प्ररोहतिवाक् क्षतम् ॥ १३१

अर्थ—बाणो से विद्ध अग भर जाता है, तलवार का घाव भी भर जाता है किन्तु वाणी से विद्ध-हृदय कभी नही भरता क्योकि दुर्वचन अति भयकर होता है ।

— वुद्धिमत्ता —

अनारम्भो हि कार्याणा,, प्रथम वुद्धि लक्षणम् ।
आरव्धस्यान्तगमन, द्वितीय वुद्धि लक्षणम् ॥ १३२

अर्थ—विना सोचे कार्यारम्भ न करना पहली वुद्धिमानी है और आरभ किये हुए कार्य को अच्छी तरह समाप्त करना वुद्धिमानी का दूसरा लक्षण है ।

— सुअवसर —

कालो हि सकृदभ्येति, यन्नर काल काक्षिणम् ।
दुर्लभ स पुनस्तेन, काल कर्माऽचिकीर्षता । १३३

अर्थ—सुअवसर चाहने वाले मनुष्य को जीवन मे सुअवसर एकवार प्राप्त होता है । उस समय जो पुरुष काम करना नही चाहता उसे वह अवसर फिर प्राप्त नही होता ।

— मौन —

आत्मनो मुखदोषेण, वध्यन्ते शुक सारिका ।
वकास्तत्र न वध्यन्ते, मौन सर्वार्थसाधनम् । १३४

अर्थ—शुक और सारिका अपने ही मुख दोष से पकडे जाते है । परन्तु वगुले नही पकडे जाते । अत मौन-चुप रहना सव कामो को सिद्ध करने वाला है ।

कोलाहले काककुलस्य जाते, विराजते कोकिल कूजित किम् ।
परस्पर सवदता खलाना, मौन विधेय सतत सुधीभि, । १३५

अर्थ—काक कुल के कोलाहल के समय कोयल का कूजना क्या शोभा देता है ? ऐसे ही दुष्टजनो के परस्पर वाद विवाद के समय विद्वानो का सदा मौन धारण ही अच्छा है।

मौखर्यं लाघवकर, मौनमुन्नति कारकम्।
मुखर नूपुरवादे, कण्ठे हारो विराजते ॥ १३६

अर्थ—वाचालता लघुता बढाती है और मौन उन्नति करने वाला है। मुखर नूपुर पाव मे पहना जाता है और नही बोलने वाला हार गले मे सुशोभित होता है।

भद्र कृत-कृत भद्र कोकिलै जंलदागमे।
दर्दु रा यत्र, वक्तारस्तत्र मौन हि शोभते। १३७

अर्थ—वर्षा ऋतु मे कोकिल ने मौन रखकर अच्छा ही किया। क्योंकि जिसमे मेढक वक्ता हो, वहा पर मौनता की ही शोभा है।

— गुण महिमा —

यदि सन्ति गुणा पु सा, विकसन्त्येव ते स्वयम्।
